तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 8 अक्टूबर, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




15 कांग्रेसी विरोध के बीच रेस्ट हाउस का लोकार्पण किया सांसद बघेल ने






## खबर संक्षेप

### मायके से 5 लाख लाने के लिए प्रताड़ना, पति सास, ससुर पर केस दर्ज

**भिलाई।** मायके से 5 लाख रुपए के लिए प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने महिला तबस्सुम निशा (28 वर्ष) की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। शिकायत पर महिला के पति सलमान परवेज, सास नजबुन निशा और ससुर कय्यूम अली के खिलाफ धारा 498, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। महिला ने पुलिस से की लिखित शिकायत में कहा कि 14 नवंबर 2022 को उसका निकाह ढांचा भवन कुरूद जामुल निवासी सलमान परवेद से हुई थी। शादी के 20 दिन बाद से मायके से कुछ नहीं लाई हो कहकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके बाद 5 लाख की डिमांड की गई। मामले में पुलिस से 2023 में शिकायत की। काउंसिलिंग के बाद सहमति नहीं बने पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया।

हाईकोर्ट के आदेश का अब तक पालन नहीं होने से अभ्यर्थियों में नाराजगी

# सहायक शिक्षकों के 2300 पद खाली, डीएड अभ्यर्थियों को अब तक नहीं मिली नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रदेश में सहायक शिक्षकों के 2300 पद खाली पड़े हैं। इन पदों पर डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया है। उसके बावजूद भी अब तक नियुक्ति नहीं शुरू हो पाई है। जिसकी वजह से डीएड अभ्यर्थियों में नाराजगी है। नाराजगी की वजह ये भी है कि कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा पार होने की स्थिति में हैं। सरकार ने केवल आश्वासन दिया है।



### इस तरह हैं पद खाली

सहायक शिक्षक भर्ती के पांचवें चरण की काउंसलिंग में 2600 पदों पर प्रक्रिया हुई थी। जिसमें दस्तावेज सत्यापन के बाद केवल 1299 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति मिल पाई। शेष 1316 पद रिक्त रह गए। इसके अलावा कुल 984 पद पहले से लंबित हैं। इस प्रकार कुल 2300 पद आज भी रिक्त पड़े हुए हैं।

### सांसद विजय बघेल से की मुलाकात

दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल से डीएड अभ्यर्थियों ने मुलाकात की। सांसद से उन्होने सहायक शिक्षक भर्ती के शेष 2300 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने की मांग रखी। अभ्यर्थियों ने कहा कि बार-बार मांग उठाने और विभागीय स्तर पर कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक स्पष्ट निर्णय नहीं हुआ। विभाग की लापरवाही के कारण योग्य एवं टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।अभ्यर्थी इससे पहले रायपुर में कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं और लगातार सरकार से छठवें चरण की काउंसलिंग प्रारंभ कर शीघ्र नियुक्ति देने की मांग कर रहे हैं। सासंद बघेल ने उनकी मांगों को न्यायोचित बताते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

### सितंबर में हाईकोर्ट का यह आदेश

इसी मुद्दे पर पीड़ित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने हाल ही में आदेश दिया जिसमें फैसला पीड़ति बेरोजगार अभ्यर्थियों के पक्ष में रहा। हाईकोर्ट ने 26 सितम्बर 2025 के अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दो माह के भीतर रिक्त 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि न्यायालय के आदेश एवं पद रिक्त होने के बावजूद अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

### जनप्रतिनिधियों से केवल आश्वासन मिला

अभ्यर्थियों ने बताया कि पूर्व भी अभ्यर्थियों द्वारा कई बार कैबिनेट मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके लेकिन अभ्यर्थियों को केवल आश्वासन ही मिला था। जिसके पश्चात अभ्यर्थी परेशान होक उच्च न्यायालय मे याचिका लगाई थी। अब न्यायालय का फैसला भी अभ्यर्थियों के पक्ष में आया है। इसलिए अब इन्हें उम्मीद है कि जल्द इन्हें न्याय मिलेगा और रिक्त पदों पर जल्द इन्हें नियुक्ति दी जाएगी।

### हाईकोर्ट के आदेश पर सड़कों पर नुकीले पिंजरे वाले ट्रैक्टर चलाने पर रोक

**दुर्ग।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश के परिपालन में जिले में नुकीले पिंजरे वाले दोहरे पहिए लगे ट्रैक्टरों को सड़क पर चलाने पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। नुकीले पिंजरे वाले दोहरे पहिए लगे ट्रैक्टरों का उपयोग किसानों द्वारा केवल खेतों में कृषि कार्य में किया जाता है। परंतु कृषि कार्य में उपयोग किए जाने वाले इन ट्रैक्टरों को पिंजरे वाले पहिये हटाए बिना ही, अनाधिकृत और लापरवाही पूर्ण तरीके से सामान्य सड़कों, सीमेंट की सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलाया जा रहा हैं, जो कि मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। इससे गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है। जिला क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों से अपील की गई है कि उक्त वाहनों को उपयोग सिर्फ खेतों में करें, ना कि सड़क, सीमेंट की सड़कों पर, ताकि दुर्घटनाओं और कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके। किसी भी ट्रैक्टर चालक या मालिक द्वारा इस नियम का उल्लंघन करते पाये जाने पर उसके खिलाफ कड़ी चालानी कार्रवाई की जायेगी।

## टायर फटने से कार सवार तीन लोग बुरी तरह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भिलाई टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू रोड में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। बीती रात 11 बजे एक सेडान कार सीजी 07 सीएक्स 6221 तेज रफ्तार में जा रही थी। जैसे ही वो सेक्टर 7 सेंट्रल एवेंन्यू रोड में पहुंची अचानक कार का टायर फट गया। कर इतनी रफ्तार में थी कि रेलिंग से टकराते हुए 10-20 मीटर तक घिसटते हुए चली गई। इससे कार में सवार तीन लोग बाल बाल बजे वो लोग बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कार इतनी रफ्तार में थी लोहे की रेलिंग को तोड़ती हुई गई। रेलिंग का एक रॉड कार के कांच को तोड़कर आरपार हो गया। यदि उसमें कोई भी आता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। दुर्घटना के समय कार का एयर बैग भी खुल गया इससे उसमें सवार लोगों को अधिक चोट नहीं आई। भिलाई नगर पुलिस जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक कार वीर सोनकर चला रहा था। उसके साथ शीबू और एक अन्य युवक मौजूद बैठा था।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


# चिट्टा तस्कर गिरोह के 6 और सदस्य गिरफ्तार, अब तक 30 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग पुलिस नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने हेरोइन यानि चिट्टा का बेचने का काम करने वालों पर मंगलवार को फिर कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरोह के 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अब तक पुलिस चिट्टा से जुड़े 30 लोगों को जेल भेज चुकी है।

थाना मोहन नगर पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने मंगलवार को 6 आरोपियों को चिट्टा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि आरोपी पंजाब से चिट्टा (हेरोइन) मंगाकर दुर्ग-भिलाई में बिक्री करते थे। यह गिरोह पूरी सप्लाई चेन बनाकर नशे का कारोबार चला रहा था। आरोपी आपस में वाट्सऐप कॉल और ऑनलाइन माध्यम से लेन-देन कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जयदीप साहू (29 वर्ष ) निवासी संतोषी चौक जामुल, दीपक गुप्ता (35 वर्ष) निवासी न्यू खुर्सीपार, सागर जायसवाल (27 वर्ष) निवासी हाउसिंग बोर्ड थाना जामुल, अजय शर्मा (31 वर्ष) निवासी कुरुद थाना जामुल, आकाश चौधरी (26 वर्ष) निवासी कुरुद थाना जामुल व अंकित वर्मा (28 वर्ष) निवासी कुरुद थाना जामुल शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार नग मोबाइल जब्त किया है। जिनका उपयोग नशे के सौदों में किया जाता था। अब तक इस मामले में 24 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दो दिन पहले ही पुलिस ने जामुल थाना क्षेत्र के तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।



### छावनी और जामुल थाना क्षेत्र बना चिट्टा का गढ़

पुलिस ने अब तक जितने भी 30 लोगों को चिट्टा का अवैध कारोबार करने के चलते गिरफ्तार किया है उसमें सबसे अधिक जामुल थाना क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड और कुरुद व छावनी थाना क्षेत्र में 18 नंबर रोड व आसपास के लोगों के नाम शामिल है। सबसे अधिक बदनाम होने के बाद भी इस क्षेत्र में पुलिस की गश्त की कमी दिख रही है।

## बकाया संपत्तिकर जमा नहीं करने पर दुकान को किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 4 अंतर्गत पुरानी बस्ती छावनी निवासी रामाधार सिंह द्वारा अपना दुकान विवेक ट्रेडर्स को किराये पर दिया है। पूर्व में मकान मालिक द्वारा 3 वर्ष का बकाया संपत्तिकर 69781 रुपये का चेक दिया गया था, लेकिन चेक बाउंस हो गया। मकान मालिक को सूचना देने के बाद भी उसने राशि जमा नहीं की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर कुर्की दल मौके पर पहुंचा और मकान मालिक को बकाया संपत्तिकर जमा ना करने पर कुर्की की कार्यवाही के बारे में बताया। के संबंध में पढ़कर सुनाया गया। इसके पूर्व भी बकाया संपत्तिकर जमा करने नोटिस दिया गया। बकाया राशि जमा नहीं करने पर 2 दुकानों में से 1 दुकान को सील कर निगम के अधीन लिया गया। साथ ही अन्य दुकानों को मिलाकर लगभग 1.80 लाख रुपये का बकाया संपत्तिकर वसूला गया। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, विजेन्द्र परिहार, वत्सल, विनोद वर्मा, गंगा चौहन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगा पेंशन का वार्षिक सत्यापन



राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्र पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सत्यापन मोबाईल एप के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए निगम मुख्य कार्यालय सभागार में 155 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को योजना के नोडल अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जो अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन मोबाईल एप से करेंगी। भिलाई निगम पेंशन हितग्राहियों से अपील करता है कि जल्द अपने वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर सत्यापन का कार्य करवा लेवें। जिससे मिलने वाले पेंशन योजना का लाभ मिल सकें। प्रशिक्षण के दौरान पेंशन विभाग के लिपिक त्रिलोक ताम्रकार एवं मनहरण लाल टण्डन उपस्थित रहे।

# क्रिकेट सट्टा लगाने आईडी देने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वालों पर दुर्ग पुलिस ने लगातार कार्रवाई की है। पुलिस ने इसी कड़ी में सट्टा लगाने के लिए आईडी देने वाले आरोपी को कोर्ट से पुलिस रिमांड में लिया और रातभर पूछताछ के बाद मंगलवार शाम को न्यायिक हिरासत में भेजा है।

एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वैशाली नगर पुलिस ने सोमवार 6 अक्टूबर 2025 को दुर्ग कोर्ट में सरेंडर करने के बाद ऑनलाइन सट्टा के आरोपी अभिजीत सिंह उर्फ विराट को पुलिस रिमांड में लिया था। 29 सितंबर की रात क्रिकेट सट्टा लगाने के आरोपी गजेंद्र साहू उर्फ दादू (31 साल) को गिरफ्तार किया गया था। गजेंद्र ने बताया कि वो अपने कुछ दोस्तों के साथ एशिया कप क्रिकेट मैच के फाइनल में भारत पाकिस्तान की टीमों पर ऑनलाइन सट्टा लगवा रहा था। पुलिस ने उसके पास मोबाइल फोन और सट्टा लगाने से संबंधित लेन-देन के साक्ष्य जब्त किए।

गजेंद्र ने पूछताछ में बताया कि वो आनलाइन एप बैट भाई 9 ऑनलाइन सट्टा एप की आईडी जीडी 500 व क्लासिक एक्स सीएच99 डॉट काम नाम की साइट में खिलवाया है। उसने बताया कि ये आईडी और पासवर्ड उसे अभिजीत सिंह ने दिया था। गजेंद्र हारजीत की रकम में अभिजीत से 20 प्रतिशत कमीशन अभिजीत के द्वारा दिया जाता था।



नमन गुप्ता



गजेन्द्र साहू



अभिजीत सिंह

### गुप्ता फटाका वाले का बेटा भी चला रहा था ऑनलाइन सट्टा

इसी आनलाईन सट्टेबाजी करने के आरोप में पुलिस ने 29 सितंबर को गजेंद्र साहू उर्फ दादू के साथ पुलिस ने गुप्ता पटाखा वाले के बेटे नमन गुप्ता को भी गिरफ्तार किया था। नमन ने बताया था कि उसने ऑनलाइन सट्टा की आईडी अपने साथी आयुष कुमार यादव से 10 लाख रुपए में खरीदी थी।




# पर्यवेक्षक की घेराबंदी से कार्यकर्ताओं में आक्रोश, समर्थकों में द्वंद्व

## अध्यक्षों को चुनाव लड़ने का नहीं मिलेगा मौका, बड़े नामों ने खानापूर्ति के लिए लिया आवेदन फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग जिले के तीन कांग्रेस जिला संगठनों में अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर द्वंद शुरू हो गया है। बात धक्कामुक्की, नारेबाजी से लेकर शिकायतों तक पहुंच गई है। एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास शुरू हो गया है। इतना ही नहीं पर्यवेक्षकों की घेराबंदी शुरू हो गई है। उनकी आवभगत की जा रही है। इतना ही नहीं समर्थकों के हस्ताक्षरयुक्त पत्रक सौंपे जा रहे हैं। धार्मिक और सामाजिक संगठनों के समर्थन पत्र पर्यवेक्षक को देकर अपना नाम फाइनल करने की जुगत शुरू हो गई है। बता दें कि पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू पिछले पांच दिनों से दुर्ग में हैं। वे लगातार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। दुर्ग में ब्लॉक स्तर की बैठकों में जमकर हंगामा हुआ। मंगलवार को पाटन के ब्लॉक में बैठकें हुईं, वहां भी समर्थकों ने अपने पसंद के नेता का नाम आगे बढ़ाया। बुधवार यानी 8 अक्टूबर को भिलाई के सेक्टर-5 डोमशेड में ब्लॉक दो, तीन, चार और पांच के पदाधिकारियों की बैठक होगी। वहीं शाम 5 बजे सुपेला, कोसानाला, कैम्प ब्लॉक की बैठक अंबेडकर भवन कैम्प 2 में होगी।

### आरोप : एनी पीटर पर आवेदन नहीं करने बनाया जा रहा दबाव, शिकायत

युवा कांग्रेस की प्रदेश सचिव एनी पीटर ने भी अध्यक्ष पद के लिए आवेदन लिया है। उन्होंने पर्यवेक्षक से एक लिखित शिकायत की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि आवेदन नहीं करने के लिए उन पर दबाव डाला जा रहा है। अजय शर्मा उन्हें धीरज बाकलीवाल को समर्थन करने के लिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे थे। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता भी दुर्व्यवहार कर रहे हैं। धक्का-मुक्की कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी को नामांकन करने का अधिकार है, मैं जरूर आवेदन करूंगी। इधर अन्य दावेदारों द्वारा भी अपने-अपने तरीके से समर्थन जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।



**6 का पैनल बनाकर**

पार्टी गाइडलाइन के मुताबिक अध्यक्ष चुनाव नहीं लड़ सकता, लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान को करना है। मुझे सिर्फ 6-6 का पैनल बनाकर भेजना है, इसके लिए बैठकें की जा रही है। रही बात शिकायत और घेराबंदी की, तो ऐसी कोई बात नहीं है। -**अजय कुमार लल्लू**, केंद्रीय पर्यवेक्षक, राष्ट्रीय कांग्रेस

### पर्यवेक्षक के आगे-पीछे घूमने वालों से कार्यकर्ताओं में आक्रोश

इधर पर्यवेक्षक के आगे-पीछे घूमने वाले नेताओं को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है। उनका कहना है कि पर्यवेक्षक से अलग से बात नहीं करने दिया जा रहा है। कुछ नेता लगातार लॉबी कर रहे हैं। अपने पसंद के चेहरे को अध्यक्ष बनाने की जुगत में है। इस वजह से पार्टी कार्यालय में हंगामे और विवाद के हालात बन रहे हैं। पर्यवेक्षक से सभी को मिलने भी नहीं दिया जा रहा है। ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार साहू द्वारा भी समर्थन की बात सामने आई थी। हालांकि उन्होंने जानकारी सार्वजनिक होने के बाद इस बात से इंकार कर दिया। बता दें कि पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल का नाम प्रमुखता से सामने आया है।

## खबर संक्षेप

### कुत्तों के आतंक से जनता परेशान

दुर्ग। मुख्य सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक कुत्तों के झुंड घूमते नजर आते हैं, जो राहगीरों, बाइक वालों और बच्चों के लिए खतरा बने हुए हैं। दीपक नगर के वासियों ने बताया कि कुत्ते अक्सर बाइक सवारों के पीछे दौड़ पड़ते हैं,जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। राह चलते लोगों को काटने के प्रयास में वे हमला करते हैं और कई लोग इनसे बचने के चक्कर में घायल हो जाते हैं, बच्चे इस समस्या से सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। वे खेलते-खेलते या स्कूल जाते समय इन कुत्तों का निशाना बन जाते हैं। सुबह की सैर करने वाले बुजुर्गों और देर रात घर लौटने वाले कामकाजी लोगों के लिए यह स्थिति और भी भयावह है। लोगों ने सुझाव दिया कि नगर निगम और जिला प्रशासन को मिलकर कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और सुरक्षित स्थानांतरण जैसे उपाय अपनाने चाहिए साथ ही आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### अहिवारा में खुलेंगे 10 ओपन जिम, राशि स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अहिवारा विधानसभा अंतर्गत विकासखण्ड धमधा में 10 निर्माण कार्यों के लिए 60 लाख रूपए की स्वीकृत दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विख धमधा के ग्राम पंचायत एवं ग्राम कोड़िया, नारधा, खपरी (कु), अहेरी, सांकरा, पाहरा, ओखरा, बागडूमर, पोटिया एवं मोहंदी सहित 10 ग्रामों में ओपन जिम निर्माण हेतु प्रत्येक ग्राम के लिए 6-6 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन

दुर्ग। छ.ग. शासन ग्रामोद्योग विभाग द्वारा रजत जयंती के अवसर पर कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन 6 से 12 अक्टूबर तक अग्रसेन भवन स्टेशन रोड दुर्ग में किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग महापौर अलका बाघमार, सुरेन्द्र कौशिक, विनोद अरोरा, पूर्व अध्यक्ष छ.ग. राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणनन कमललाल एवं जिले के बुनकरों के आतिथ्य में 6 अक्टूबर को शुभारंभ किया गया। हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी में छ.ग. राज्य के जांजगीर-चांपा, शक्ति, चन्द्रपुर, बलौदाबाजार-बिलाईगढ़, रायगढ़, खैरागढ़ एवं दुर्ग आदि जिलों की 25 बुनकर संस्थाओं द्वारा भाग लिया।

### बस स्टैंड में लावारिस मिली महिला की मौत

दुर्ग। नया बस स्टैंड में लावारिस मिली महिला की मौत हो गई है। मृतका का नाम द्रोपती (60 वर्ष) बताया गया है। जिला अस्पताल दुर्ग में 10 सितंबर को लाया गया था। 108 ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया था। महिला बेमेतरा की रहने वाली बताई गई है। बेमेतरा थाना से पतासाजी की जा रही है, लेकिन अब तक कोई पहचान वाले नहीं पहुंचे हैं। इसे लेकर कोतवाली दुर्ग में मोबाइल नंबर 9479239148 एवं 756625 9911 में संपर्क किया जा सकता है।

## जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग की ली बैठक

# 300 पंचायतों में से 92 में जल संकट, 166 में भी हालत बेहतर नहीं, 42 ग्रीन जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित लेबर बजट और मानव दिवस सृजन व युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये गये। जिले की कुल 300 ग्राम पंचायतों में से 92 जल संकट ग्रसित, 166 अर्द्ध जल संकट ग्रसित तथा 42 ग्रीन ज़ोन क्षेत्र के रूप में केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा चिन्हांकित किये गये हैं। अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों की कार्य योजना में इन क्षेत्रों को सम्मिलित करने के निर्देश दिये गये। युक्तधारा पोर्टल पर दो श्रेणियों में कार्य प्रस्तावित हैं। पहली श्रेणी में वृक्षारोपण, तालाबों में मछली पालन, रिचार्ज पिट और नाली निर्माण जैसे कार्य शामिल होंगे, वहीं दूसरी श्रेणी में पशु शेड, आंगनबाड़ी भवन, मुक्तिधाम शेड जैसे निर्माण कार्य रखे जायेंगे। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इन कार्यों की योजना तैयार करने को कहा गया। बैठक में सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि जिले में अब तक 130 अमृत सरोवर निर्माण किया जा चुका है। उनमें से 69 में आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। शेष सरोवरों में शीघ्र आजीविका गतिविधियाँ जैसे मत्स्य पालन, बत्तख पालन और सिंघाड़ा उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए गए है। स्व-सहायता समूहों को इस दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया।

## केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा चिन्हांकित, सुधार के लिए बनेगी कार्ययोजना




### पीएम आवास के 1603 मकानों का निर्माण नहीं

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में जनपद पंचायत धमधा के 889, दुर्ग के 283 और पाटन के 431 कुल मिलाकर 1603 आवास अपूर्ण हैं। जनपद धमधा द्वारा 20 अक्टूबर 2025 तक 300, दुर्ग द्वारा 150 तथा पाटन द्वारा 300 आवास पूर्ण करने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी आवासों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के 649 अप्रारंभ आवासों को अक्टूबर 2025 के अंत तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत कुल 212 छत स्तर आवासों को अक्टूबर माह के अंत तक, 279 छत स्तर आवासों को नवंबर के अंत तक तथा 207 लिंटल स्तर आवासों को दिसंबर के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही 1952 (2024-25), 1097 (2025-26) तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के 648 अपात्र हितग्राहियों की सूची को अपीलीय समिति की स्वीकृति के पश्चात राज्य कार्यालय को भेजने हेतु निर्देश दिये

### महिलाओं को दी जाएगी मेसन ट्रेनिंग, जोड़ा जाएगा रोजगार से

सभी जनपदों को आर-सेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) के माध्यम से रूरल मेसन ट्रेनिंग के लक्ष्यों को शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण करने को कहा गया है। जिन हितग्राहियों का एनपीसीआई मैपिंग नहीं हो पाया है, उनके बैंक खातों का मैपिंग कार्य तीन दिवस के भीतर पूर्ण करने हेतु संबंधित सचिव, नोडल अधिकारी एवं रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाने को कहा गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान मॉडल सीएलएफ को वितरण केन्द्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये गये। साथ ही सीएमटीसी के लिए 15 दिवस में भवन चयन कर उसे स्थापित करने तथा जीआरसी की स्थापना हेतु दुर्ग एवं पाटन जनपद में भवन चयन कर खाता खोलने व स्क्रीनिंग कमेटी से स्वीकृति प्राप्त करने को कहा गया। लखपति महिला पहल योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त 42664 लक्ष्यों की त्रैमासिक आय प्रविष्टि आजीविका सीआरपी के माध्यम से समय पर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले और जनपद स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी 10 प्रतिशत लखपति दीदी की गणना का भौतिक सत्यापन भी करने कलेक्टर ने कहा।

### शौचालयों का अधूरा निर्माण, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

समीक्षा बैठक में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। कुल 433 स्वीकृत शौचालयों में से 419 पूर्ण हो चुके हैं जबकि 09 कार्य प्रगति पर हैं। दुर्ग जनपद के ग्राम झोला एवं धमधा जनपद के ग्राम ढौर (खे) में शौचालय निर्माण कार्य अधूरा है, जिसकी राशि पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा खर्च कर ली गई है। कलेक्टर ने इस संबंध में वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही 404 पूर्ण हो चुके सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखने व समूहों को संचालन हेतु सौंपे जाने के निर्देश भी दिए गये। हॉट बाजार एवं मुख्य राज्य मार्गों के समीप आवश्यकतानुसार भौतिक सत्यापन कर नये शौचालय निर्माण के प्रस्ताव भेजने तथा उन्हें आजीविका से जोड़ते हुए संचालन की कार्ययोजना बनाकर एमओयू प्रस्तुत करने पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की बात कही गई। बैठक में संचालक पंचायत आकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## अर्थदंड के रूप में वसूले गए 4.02 लाख रुपए, एजुकेशन और हेल्थ सुविधाएं बढ़ाने में होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



■ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने की बड़ी पहल

न्याय व्यवस्था के मानवीय पक्ष को प्रमुखता देते हुए उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने माह जुलाई में बाल गृह और बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए बड़ी पहल की है।

उन्होंने विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में 11 सितंबर 2024 से 11 जुलाई 2025 तक की अवधि के लिए वसूली गई अर्थदण्ड कुल 4 लाख 2 हजार रुपये की राशि बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल सामग्री, शिक्षाप्रद पुस्तकें और मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियों के उपयोग के लिए इन बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाओं के पास जमा कराने का आदेश दिया था।

विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नालसा के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा मानवता एवं न्याय के संवैधानिक मूल्यों को साकार करते हुए एक निर्धन एवं जरूरतमंद बालक को संदीपनी बालक छात्रावास फरीद नगर भिलाई एवं उसी परिसर में स्थित शासकीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभाई गई। उत्कल नगर निवासी 6 वर्षीय बालक की माता के देहांत के कारण बच्चे के पालन पोषण की जिम्मेदारी उसके पिता पर आ गई थी।

बच्चे का पिता मजदूरी कर अपने बच्चे का पालन-पोषण कर रहा था। मजदूरी करने के कारण पिता अपने बच्चे पर ध्यान नहीं दे पाता था, जिसके चलते बच्चा बुरी संगति में आ गया था, जिसके कारण बच्चे की मनोदशा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। बच्चे की शिक्षा एवं उसके सुरक्षित तथा उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से उसका प्रवेश विद्यालय एवं छात्रावास में कराया जाना अत्यावश्यक था।

इसकी जानकारी प्राप्त होते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए संबंधित विद्यालय एवं छात्रावास अधीक्षक से समन्वय स्थापित किया। आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर बालक को विधि एवं नियमानुसार विद्यालय एवं छात्रावास में प्रवेश दिलवाया गया।

इस सराहनीय पहल से न केवल एक बालक की शिक्षा सुनिश्चित हुई, बल्कि विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग की समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदना भी उजागर हुई है। उक्त सकारात्मक प्रयास से शिक्षा हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्यों के विफल होने की संभावना को भी समाप्त किया गया। इस संपूर्ण प्रक्रिया में थाना सिटी कोतवाली के पैरालीगल वालेंटियर की प्रमुख भूमिका रही।

## विश्व कवक दिवस पर छात्रों को गहन अध्ययन करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय वीवाईटी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा विश्व कवक दिवस 2025 का आयोजन 7 अक्टूबर वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कवकों की आकर्षक एवं विविधतापूर्ण दुनिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने एवं सतत विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों को पारंपरिक पृथक्करण और पहचान तक सीमित न रहकर कवकों के गहन अध्ययन की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा प्राकृतिक आवास में कवक विषय पर चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें फील्ड भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा खींचे गए आकर्षक चित्र प्रदर्शित किए गए। इन चित्रों ने कवकों की विविधता और पारिस्थितिक उपस्थिति को दर्शाया।इस अवसर पर विभाग की अध्यापिकाओं द्वारा दो ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियाँ दी गईं श्रीमती नीतू दास ने गैनोडर्माः औषधीय गुणों से भरपूर अद्भुत कवक विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें इसके औषधीय एवं औद्योगिक महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### विकास कार्य के लिए 15 लाख रुपए की स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका निगम भिलाई अंतर्गत सेक्टर-7 वेस्ट वार्ड, कल्याण महाविद्यालय में सामुदायिक पेयजल प्लांट, 1000 एलपीएच प्लांट, 1000 इंसुलेटेड एसएस टैंक स्थापना हेतु 15 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## प्रतिकूल परिस्थितियां ही मानसिक स्वास्थ्य के संतुलन को बिगाड़ती है : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 7 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। मानवीय आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद गुप्ता, डायरेक्टर सिम्हांस थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अनिल कुमार प्राचार्य, शास. काकतिया पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर एवं डॉ. सुगम सांवत, मेडिकल डायरेक्टर, सिम्हांस उपस्थित थे। प्राचार्य एवं कार्यशाला के संरक्षक डॉ. अजय कुमार सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियाँ ही मानसिक स्वास्थ्य के संतुलन को बिगाड़ती है। उन्होंने कहा यदि आपकी जिंदगी में उदासी या नकारात्मकता है तो परिस्थिति परिवर्तन जरूरी है। खेल का मैदान एवं घर के बाहर मित्रों के बीच समय बिताएं। आपके अंदर सकारात्मकता आएगी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, डायरेक्टर, सिम्हांस ने कहा कि भारत में भविष्य को लेकर युवाओं में बहुत अधिक चिंता है। अपने रूचिकर एवं ज्ञानवर्धक उद्बोधन में मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया।

## किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर पहुंचे दुर्ग

# एग्री स्टेग पोर्टल में तकनीकी दिक्कत तो कार्यकर्ता किसानों को करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

भाजपा किसान मोर्चा प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर मंगलवार को जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान कुम्हारी, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान में उनका जमकर स्वागत हुआ।

उन्होंने भिलाई और दुर्ग में पार्टी के कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धान की खरीदी के लिए किसानों का एग्री स्टेग पोर्टल में ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। इसमें कई तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं।

अध्यक्ष विनायक ताम्रकार के साथ मिलकर कार्यकर्ता जिले के किसानों का सहयोग करें। प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखें, ताकि किसानों को परेशानी न हो। इससे पहले विनायक ताम्रकार के नेतृत्व में पटेल चौक दुर्ग में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया गया। इसके बाद बैठक हुई। बैठक का संचालन महामंत्री अजीत चंद्राकर ने किया।




### देश में किसानों की स्थिति पहले से बेहतर हुई

आलोक सिंह ठाकुर ने कहा कि देश के किसानों की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। पूर्व में किसानों के स्थिति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने किसानों के हित में कई जरूरी काम किए। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने उन्हें आगे बढ़ाया। बैठक में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, राकेश तिवारी, बृजलाल सिंह राठौर, निश्चय वाजपेई, महेश कौशल, अजय तिवारी, दिनेश पाटिल, विनोद अरोरा, विनोद सोनी, अशोक राठी सहित अन्य उपस्थित थे।

### भिलाई में भी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

भिलाई में आलोक सिंह ठाकुर का स्वागत किया गया। अध्यक्ष मोहन देवांगन ने सुपेला चौक में उनका स्वागत किया। श्रीफल, शॉल व भाजपा गमछा पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। आलोक सिंह ने अपने दो दिवसीय दौरे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे संभाग स्तरीय दौरे पर हैं। 8 अक्टूबर को कवर्धा और मुंगेली में रहेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, बृजलाल राठौर, राकेश तिवारी, महेश कौशल, बिजेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, मिथिला खिचरिया, विनोद सिंह, विजय जायसवाल, रविन्द्र सिंह, स्वीटी कौशिक, रविन्द्र सिंह चौहान, अवध शाह, दीपक यादव, शिव साहू आदि मौजूद थे।



## शासकीय आईटीआई में दीक्षांत समारोह का आयोजन, छात्र किए गए सम्मानित



दुर्ग। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सत्र 2023-2025 एवं 2024-2025 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। संस्था में 12 व्यवसाय संचालित हैं सभी व्यवसायों के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया। सहायक संचालक रोजगार वीके केडिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रतीक कुमार साहू, प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक रत्ना शर्मा, मिथलेश सोनखुटिया, ईश्वर प्रसाद साहू, के नेहा रानी एवं संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारी मौजूद थे। मंच संचालन ब्रजेश कुमार जांगड़े एवं मीना कुमारी ने किया। कोपा की प्रशिक्षणार्थियों ने छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय लोक कल्याण मेला उतई में आज से

**उतई।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत उतई के निर्देश पर पंचायत सभागार में दो दिवसीय लोक कल्याण मेले का आयोजन 08 एवं 09 अक्टूबर को नगर पंचायत उतई के सभाकक्ष में किया जा रहा है। जिसमें शहरी पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत बैंक के माध्यम से प्रथम लोन की राशि रू. 15,000/- द्वितीय लोन की राशि रू. 25,000/- एवं द्वितीय लोन की राशि बैंक में पूरा जमा करने पर 30,000/- लिमिट का क्रेडिट कार्ड तथा तृतीय लोन के रूप में राशि रू. 50,000/- का आवेदन किया जा सकता है। शहरी पथ विक्रेताओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित इस योजना के तहत ऋण लेने वाले पथ विक्रेताओं को ब्याज अनुदान 7% तक प्रदाय किया जा रहा है। पूर्व से लोन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का सोशल प्रोफाईलिंग करते हुए केन्द्र सरकार की 8 अन्य योजनाओं से जोड़ा जाना है। पथ विक्रेताओं को पेटीएम के माध्यम से लिंक करते हुए क्यूआर कोड प्रदाय किया जाना है। जिससे डिजिटल लेनदेन हेतु प्रेरित किया जा सके। अतः पथ विक्रेताओं जो पूर्व से ऋण प्राप्त कर चुके है, वें तथा नए ऋण लेने हेतु इच्छुक हितग्राही नगर पंचायत कार्यालय में पहुंचकर लोक कल्याण मेले का लाभ उठावें।

## निधन

### कुलेश्वरी चंद्राकर



**दुर्ग।** औद्योगिक नगर वार्ड क्रमांक 17 के पूर्व पार्षद कुलेश्वरी चंद्राकर 57 वर्ष का निधन हो गया। वे नगर निगम के लोक कर्म विभाग प्रभारी देवनारायण चंद्राकर की पत्नी थीं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर नगर निगम में श्रद्धांजलि दी गई।

### बेचन सिंह



**भिलाई।** 21/19 इस्पात नगर निवासी शहीद रजनीकांत सिंह के पिता बेचन सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# बिजली ऑफिस में कांग्रेसियों ने जड़ा ताला, पुलिस के साथ जमकर हुई झूमाझटकी

## आरोप : आम जनता पर सरकार कर रही अत्याचार, धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

- बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने व बिजली बिल बढ़ोतरी का किया विरोध
- कांग्रेसियों के साथ विरोध में जुटे आमजन

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व एवं ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, राजेश ठाकुर की उपस्थिति में बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने व बिजली बिल बढ़ोतरी का विरोध किया गया। छत्तीसगढ़ में 400 यूनिट तक की बिजली बिल हाफ योजना को घटाकर 100 यूनिट किया गया है जिसके बाद हर जगह इसका विरोध हो रहा है। पाटन ब्लॉक मुख्यालय में बिजली विभाग के कार्यालयों पर कांग्रेस ने एक साथ विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर कार्यालय में तालाबंदी की गई। बढ़े हुए बिजली बिल के विरोध में पाटन में बिजली विभाग कार्यालय में तालाबंदी धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस दौरान कहा कि बीजेपी सरकार हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के ऊपर अत्याचार कर रही है। बिजली की दरों में हुई बढ़ोतरी और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किए जाने से आम जनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा।



### निजी सोलर पैनल को बेचने दे रही सब्सिडी

400 यूनिट हाफ योजना को बंद करना कहीं न कही ये संदेह पैदा करता है कि ये जो प्रधानमंत्री की सूर्य घर योजना है जिसमें 90 प्रतिशत सोलर पैनल के उपकरण अडानी द्वारा उत्पादित होता है। अडानी के इसी सोलर पैनल को बेचने के लिए ही केन्द्र सरकार सब्सिडी दे रही है, राज्य सरकार ने भी सब्सिडी देना शुरु कर दिया है।

## सांसद बोले-कांग्रेसियों ने उड़ाई है प्रोटोकॉल की धज्जियां

# कांग्रेसी विरोध के बीच रेस्ट हाउस का लोकार्पण किया सांसद बघेल ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

लोकनिर्माण का नवीन विश्राम गृह जामगांव आर (भंसुली) का लोकार्पण सांसद विजय बघेल के हाथों मंगलवार को हुआ। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने की। इस दौरान प्रोटोकॉल पालन किए बिना उद्घाटन का विरोध करने कांग्रेस के नेतागण आए और सासंद विजय बघेल के पहुंचने के पहले वापस चले गए। ऐसी स्थिति को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई थी। सांसद विजय बघेल ने सभा लेकर लोकार्पण किया।वहीं मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू और राजेश चंद्राकर का जन्म दिवस केक काटकर सांसद विजय बघेल ने मनाया।

### कांग्रेसी विरोध को देखते हुए तैनात रहा पुलिस बल



### बेलहारी में भी सांसद ने लोकार्पण भूमिपूजन किया

इसके पूर्व बेलहारी में शासन के विभिन्न मदों से निर्मित/स्वीकृत नवनिर्मित शीतला मंदिर ज्योति कक्ष निर्माण,वार्ड क्रमांक 02 में गली सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य,वार्ड 7 शक्ति मंदिर में शेड निर्माण कार्य का उद्घाटन एवं रामायण मंच में डोम शेड निर्माण (12 लाख रु),अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य(6लाख रु ),सेन समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य,परिक्षेत्रीय साहू भवन में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य पक्की नाली निर्माण(संतोष यादव घर से साहू भवन तक) का शिलान्यास हुआ।समारोह में जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ,नीलम राजेश चंद्राकर (सभापति जिला पंचायत दुर्ग), कीर्ति नायक अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, कमलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन , जितेंद्र वर्मा (मंत्री प्रदेश भाजपा), दिलीप साहू (जिला महामंत्री), हर्षा चंद्राकर (जिला उपाध्यक्ष), शैलेंद्री मंडावी (जिला मंत्री) जप सदस्य रामकुमार चंद्राकर मंचासिन रहे।

### कर्म का फल कांग्रेस को भुगतना ही पड़ेगा : सांसद

सांसद विजय बघेल ने रेस्ट हाउस जामगांव आर का उद्घाटन करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में भाजपा का मंच जिसमें कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री को आने से परहेज होता है याद कर ले जामगांव आर कालेज भवन के उद्घाटन में तत्कालिक मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह आए थे और जामगांव एम के हर्बल कार्यक्रम में विष्णुदेव साय आए थे तब ये आमंत्रण पर भी नहीं आए। हैरानी की बात है अपने 5 साल के कार्यकाल में प्रोटोकॉल का धज्जियां उड़ाने वाले कांग्रेसी प्रोटोकॉल का रोना रोने नौटंकी करने चले आए। श्री बघेल ने कहा कि कर्म का फल तो हर किसी को मिलता है इनको भी मिल रहा है तो क्यों हैरान परेशान हो रहे है। भाजपा हमेशा राजनीति से ऊपर उठकर विकास का हिमायती है जिसका उदाहरण बेलहारी में कांग्रेस का सरपंच है और लोकार्पण भूमिपूजन मेरे हाथों हुआ।अहंकार त्यागे कांग्रेसी भाजपा जैसे सरल रहना सीखे तो मान सम्मान मिलेगी वरना जीवन भर मान सम्मान तलाशते रह जाओगे। समारोह में राजा पाठक (सांसद प्रतिनिधि), मंडल महामंत्री निर्मल जैन पूर्णेंद्र सिन्हा शासकीय कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला सोसायटी अध्यक्ष नारद साहू भगवान सिंह चंद्राकर बेनीराम साहू डॉ राजेश बंछोर सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू मंडल कार्यालय मंत्री मेघनाथ सागरवंशी भानुप्रिया साहू दीपक साहू (बूथ अध्यक्ष भाजपा भनसुली आर) उपस्थित रहे।

# चीचा वेटलैण्ड में युवाओं ने समझा पक्षियों का व्यवहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

- वन्यजीव संरक्षण सप्ताह में वनमंडल दुर्ग का आयोजन

दुर्ग वन मंडल ने चीचा वेटलैण्ड पाटन में वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत ( 2 से 8 अक्टूबर) आयोजन किया । आयोजन में ग्राम चीचा के जैवविविधता समिति के सदस्यों और महात्मा गांधी वानिकी एवम उद्यानिकी महाविद्यालय सांकरा के वानिकी के छात्रों और शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में दुर्ग वनमंडल अधिकारी (डीएफओ) दीपेश कपिल ने जीवों के प्रति जिम्मेदारी को समझने और उनके संरक्षण में अपना योगदान देने पर महत्व पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ राजू वर्मा ने बच्चों को पक्षियों को पहचानने के सम्बंध में जानकारी दी और इकोसिस्टम में वेटलैण्ड के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि चीचा वेटलैण्ड में 120 से ज्यादा प्रजाति के पक्षी देखे जा सकते हैं जिनमे से कुछ प्रवासी पक्षी भी होते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बर्च वाचिंग कराई गई और लगभग 20 प्रजाति के परिन्दों के बारे में उनके रहवास और व्यवहार आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर चीचा सरपंच प्रतिनिधि पंकज चन्द्राकर, एसडीओ ढानेश साहू, रेंजर कुलदीप पहला, शाहिद खान और बीट गार्ड विनय साहू, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, सांकरा के डॉ. हरिश्चंद्र दर्रो एवं पीएचडी की छात्र रोशनी प्रधान सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर अपने दो दिवसीय दुर्ग संभाग



प्रवास के प्रथम दिवस पर भिलाई दुर्ग जिला आगमन पर मंगलवार को कुम्हारी पहुँचने पर बड़ी संख्या में भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्टेशन चौक में भव्य स्वागत किया। इस मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल राठौर, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राकेश तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी निश्चय बाजपेयी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथलेश यादव एवं कैलाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## रामनगर के बंद घर में मिली युवक की लाश

**कुम्हारी।** वार्ड क्रमांक 07 रामनगर में मंगलवार को एक से बदबू आने की शिकायत मोहल्ले वालों ने थाने में की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मकान का दरवाजा खोला तो वहां एक लाश पड़ी हुई थी। मृतक की पहचान रूपेश वर्मा के नाम से की गई। लोगों के मुताबिक विगत शनिवार की शाम को अपने घर आया और दरवाजा बंद कर लिया फिर तीन दिन तक बाहर नहीं निकलने पर मोहल्ले वालों को संदेह हुआ था। जानकारी के मुताबिक मृतक नशे का आदि था और कई दिनों से अकेले ही रहता था। पुलिस को मृतक के घर से शराब और पानी की बोतल मिली है। पुलिस ने लाश का पंचनामा कर उसे मरचुरी भेज दिया है।




समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)

// शपथ-पत्र //

मैं शपथकर्ता राजेश कुमार साहू पिता टेमलाल साहू निवासी कातरों पो. खोपली तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री हेमलता के जन्म प्रमाण रजिस्ट्रर जन्म-मृत्यु, नगर पंचायत उतई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से जारी किया गया है जिसमें मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 06.11.2012 व पंजीकरण संख्या 760 पंजीकरण दिनांक 09.11.2012 है।
3. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम राजेश कुमार दर्ज है जो कि गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम राजेश कुमार साहू है जो कि सही व सत्य है।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम राजेश कुमार साहू दर्ज कर ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने बाबत यह शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

अतः यह शपथ पत्र पेश है। शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता राजेश कुमार साहू पिता टेमलाल साहू निवासी कातरो पो खोपली तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) की सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कण्डिका क्र.-1 से 04 तक दी गई जानकारी सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 19.09.2025 स्थान दुर्ग में पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर करता हूं। राजेश कुमार साहू
शपथकर्ता


# पाटन महाविद्यालय में अव्यवस्थाओं का बढ़ता अंबार, विद्यार्थी बेहाल, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन




शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में इस समय अव्यवस्थाओं का अंबार लग गया है। एडमिशन हुए तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक विद्यार्थियों को आईडी कार्ड नहीं मिल पाए हैं कॉलेज प्रशासन की इस लापरवाही से छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। विद्यार्थियों का कहना है कि समस्या को डेढ़ महीने पहले ही प्राचार्य को अवगत कराया गया था, मगर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया कॉलेज में कई मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है, जो सीधे-सीधे विद्यार्थियों की पढ़ाई और सुरक्षा पर असर पड़ रहा है कॉलेज परिसर में न तो डस्टबिन हैं, न कैंटीन, और न ही साइकिल स्टैंड की उचित व्यवस्था है।

छात्र-छात्राओं को साइकिल और बाइक खुले में पार्क करनी पड़ती है, जिससे चोरी का खतरा बना रहता है। वहीं, कॉलेज में फ्री वाई-फाई सुविधा भी नहीं है, जिसके कारण विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक पहुंचने में कठिनाई होती है सबसे चिंताजनक स्थिति बालिका छात्रावास की है, जो लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। छात्राओं को बाहर असुरक्षित माहौल में रहकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। इसके अलावा कॉलेज में प्रोजेक्टर सुविधा, स्पोर्ट्स सुविधा और पर्याप्त टेबल-कुर्सी की भी भारी कमी है वहीं, पीने के साफ पानी की सुविधा न होने से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी खतरे का सामना करना पड़ रहा है सबसे गंभीर स्थिति तब सामने आई जब छात्रों ने बताया कि आईडी कार्ड न होने के कारण कॉलेज परिसर में बाहरी असामाजिक तत्व आसानी से घुस जाते हैं और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ व गाली-गलौज की घटनाएं हो रही हैं। पहचान पत्र न होने के कारण ऐसे लोगों की पहचान करना मुश्किल हो जाता है, जिससे सुरक्षा संबंधी खतरा बढ़ता जा रहा है विद्यार्थियों ने बताया कि कॉलेज प्रशासन को बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे छात्रों में निराशा और उदास दोनों देखने को मिल रहा है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। छात्रों की प्रमुख मांग है कि जल्द से जल्द आईडी कार्ड वितरित किए जाएं, बालिका छात्रावास को पुनः शुरू किया जाए, कैंटीन, पानी, स्पोर्ट्स और प्रोजेक्टर जैसी सुविधाएं बहाल की जाएं, और कॉलेज परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। यदि प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या आने वाले समय में बड़ा आंदोलन का रूप ले सकती है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में लेटेस्ट डिजाइन के गहनों के साथ आकर्षक उपहार



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 बी प्रिया श्रृंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स अपने भव्य शोरूम के लिए जाना जाता है, जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। वहीं पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दीवाली त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट) 833 (20कैरेट ) एवं 750 (18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा। पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

## अनुसूचित जाति वर्ग से देश के प्रथम सोलर ऊर्जा उद्यमी बने समीर



**नंदिनी अहिवारा।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना कंपोनेंट-ए ने किसानों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का अवसर देना तथा उन्हें अतिरिक्त आय का स्रोत उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बालोद, तहसील गुण्डरदेही, ग्राम सिकोसा निवासी समीर डाहरे बीई सिविल, पिता सांवला राम डाहरे पूर्व विधायक-अहिवारा ने अपने कृषि भूखंड पर 0.5 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर इतिहास रच दिया है। समीर डाहरे देश के अनुसूचित जाति सतनामी वर्ग से प्रथम किसान हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड को प्रतिमाह बिजली विक्रय करना प्रारंभ किया है। यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव की बात है बल्कि देशभर के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत भी बन चुकी है। समीर डाहरे ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुसुम योजना ने हमें आत्मनिर्भर बनने की दिशा दिखाई है। अब मैं अपनी भूमि से स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न कर देश की सेवा कर रहा हूं और अपने माता-पिता का सहारा बनकर परिवार का पालन-पोषण कर पा रहा हूं।

## ठाकुर को जिला अध्यक्ष बनाने दिया समर्थन

**पाटन।** पाटन में कांग्रेस के पाटन, जाम गांव आर और कुम्हारी ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल और ए आई सी सी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक अजय सिंह लल्लू उपस्थित रहें। लल्लू ने संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन एवं संगठनात्मक सृजन बैठक में उपस्थित तीनों ब्लॉक के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस दौरान कांग्रेसियों ने दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नाम पर सर्वसम्मति जताते हुए तीनों ब्लॉक की तरफ से अपना समर्थन दिया।

## कोसा व कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का किया आयोजन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग के सौजन्य से रजत जयंती के अवसर पर कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन 6 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक अग्रसेन भवन स्टेशन रोड दुर्ग द्वारा अलका बाघमार महापौर नगर पालिक निगम दुर्ग, सुरेन्द्र कौशिक अध्यक्ष जिला भाजपा दुर्ग, विनोद अरोरा महामंत्री जिला भाजपा दुर्ग, कमललाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष छग राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन रायपुर एवं दुर्ग जिले के बुनकरो के आतिथ्य में 6 अक्टूबर को शाम 5 बजे शुभारंभ किया गया। हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी में छग राज्य के जांजगीर-चांपा, शक्ति, चन्द्रपुर, बलौदाबाजार-बिलाईगढ़, रायगढ़, खैरागढ़ एवं दुर्ग आदि जिलों की 25 बुनकर संस्थाओं द्वारा भाग लिया जाकर भारत सरकार के सिल्क बोर्ड से प्रमाणित पुरस्कृत बुनकरो एवं फैब इंडिया के वस्त्र निर्माता बुनकर कारीगरो द्वारा विभिन्न आधुनिक डिजाईनों के उपभोक्ताओं के मांग अनुसार कलात्मक स्वदेशी वस्त्र स्वास्थ्य के लिए अनुकूल कोसा शर्टिंग, कोसा साड़ियों, साल, दुपट्टा, जाकेट ड्रेस मटेरियल एवं कॉटन बेडशीट, पीलो कव्हर, टावेल, गमछा आदि वस्त्रो एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास निगम के शबरी एम्पोरियम द्वारा बस्तर के शिल्पियो द्वारा बेल मेटल, आयरन काफ्ट, उडन काफ्ट का प्रदर्शन सह विक्रय 20 प्रतिशत विशेष छूट पर किया जा रहा है।


जगजीवन आयुर्वेद

धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.

पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### निगम काटेगा अवैध नल कनेक्शन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक में सर्व सम्मति से यह संकल्प पारित किया गया था, कि निगम क्षेत्र के अवैध नल कनेक्शनधारी 31 अक्टूबर 2025 के भीतर जोन कार्यालय में जाकर नल संयोजन शुल्क तथा शास्ति शुल्क 3000 रुपये जमा कर अपने अवैध नल कनेक्शन को नियमित करा सकेगें। निगम द्वारा दिए गए समय पर जिन नल कनेक्शनधारियों द्वारा शुल्क जमा नहीं किये हैं और नल कनेक्शन नियमित नहीं कराए है। उन सभी कनेक्शनधारियों के घरो का सर्वे कर जांच की जाएगी। जांच में यदि अवैध नल कनेक्शन पाया जाता है, तो बिना पूर्व सूचना दिये नल विच्छेदन की कार्यवाही की जाएगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं जल उपभोक्ता की होगी।

### रणनीति-2025 निदेशक कप का उद्घाटित

**भिलाई।** बीएसपी के मानव संसाधन विकास केंद्र में रणनीति 2025 निदेशक कप (स्टेज-1) का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता सेल द्वारा अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में 27 टीमें क्रमशः 14 और 13 टीमों के दो समूहों में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक बीके गिरी सहित सहायक निदेशक सीएस रस्तोगी, एवं प्रबंधक प्रदीप कुमार व महाप्रबंधक प्रभारी मुकुल कुमार सहारिया उपस्थिति थे। गिरी ने कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन की प्रबंधन चुनौतियों का अनुकरण करते हुए विश्लेषणात्मक सोच, निर्णय क्षमता एवं नेतृत्व गुणों को विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं। संचालन उप प्रबंधक सुष्मित यशवंत सिंह जौहरी ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।

### आज प्रधानमंत्री आवास आबंटन की लाटरी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का आबंटन लाटरी पद्धति से निगम सभागार में 8 अक्टूबर दोपहर 12 बजे किया जाएगा। हितग्राहियों को ''मोर मकान-मोर आस'' एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित मकानों का आबंटन किया जाना है। लाटरी पद्धति में सामान्य वर्ग को अन्य तल तथा वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों को भूतल के मकानों का आबंटन किया जाएगा। हितग्राही आवास विभाग द्वारा दिए गए जमा राशि का पावती एवं आवश्यक दस्तावेज लेकर लाटरी में भाग लेवें।

## औद्योगिक क्षेत्र के कई उद्योग बदहाली से गुजर रहे

# औद्योगिक क्षेत्र के लघु व सहायक उद्योग शासन व बीएसपी की उदासीनता का भुगत रहे खामियाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नई उद्योग नीति में सहायक उद्योगों के विकास जमीनी विकास के सरकार के दावे के बाद भी एमएसएमई की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं । औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के लघु और सहायक उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। उद्योगों को न शासन की घोषणाओं का लाभ मिल पा रहा है और न ही बीएसपी से ही पर्याप्त आर्डर रहा है। उद्यमियों ने शासन व प्रबंधन से राहत दिलाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र के लघु,मध्यम और सहायक उद्योगों का न सिर्फ शहर बल्कि प्रदेश के विकास में महती योगदान रहा है। लेकिन पिछले कुछ साल से यह उद्योग सरकार और बीएसपी की उदासीनता से बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में करीब तीन सौ छोटे बड़े उद्योग स्थित हैं। इनकी स्थापना भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के दौरान साठ साल पूर्व हुई थी। अधिकतर उद्योग मुख्य रुप से बीएसपी पर आश्रित हैं। राज्य शासन द्वारा इन्हें मूलभूत सुविधाएं दी जाती हैं। उद्यमियों के मुताबिक एक डेढ़ दशक के दौरान बीएसपी से आर्डर मिलने में भारी गिरावट आई है। वहीं शासन की उद्योग नीति व सुविधाओं का पूरी तरह लाभ भी उद्योगों के नहीं मिल पा रहा है। इन उद्योगों द्वार निर्मित स्पेयर पाट्र्स आदि के सप्लाई आर्डर में करीबन 70 प्रतिशत बड़ी व बाहर की कंपनियों की मोनपली है। बचे 75 फीसदी आर्डर में भी चंद उद्योगों का वर्चस्व है। आर्डर मिल भी जाए तो पेमेंट के लिए चक्कर लगाना पड़ता है।

#### रॉ-मटेरियल व टैक्स में रियायत की मांग

### टैक्स में राहत नहीं, सिंगल विंडो प्रणाई कागजी

उद्योगों के लिए उद्योग नीति में शासन द्वारा की गई घोषणाएं व पूर्व की सुविधाओं के लाभ के लिए भी उद्योगों का तरसना पड़ रहा है। उन्हों टैक्स, लोन, बिजली पानी आदि कच्चे माल में भी रियायत नहीं मिल रही है। शासन द्वारा सिंगल विंडो प्रणाणी में एक ही काउंटर में कई सुविधाएं मिलने की घोषणा की गई थी। लेकिन हर काम के लिए अलग अलग विभागों के महीनों चक्कर लगाना पड़ रहा है। उद्यमियों ने बताया कि लोन पर ब्याज व टैक्स उसी अनुपात में देना पड़ रहा है। जबकि केंद्र व राज्य के बजट में कंडीशनल रियायत की घोषणा की गई थी।



### कई बंद होने की कगार पर

शासन व बीएसपी की उदासीनता से औद्योगिक क्षेत्र के अनेक उद्योग बंद हो चुके हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं। वहीं कुछ ने तो ट्रेड भी बदल लिए हैं। कई ने अपने उद्योग किराए पर उठा रखे हैं। उद्यमियनों ने कहा कि स्थानीय व सहायक उद्योगों को इंक्वायरी (आर्डर ) बाहरी उद्योगों की तरह मिलने चाहिए। इसी स्थिति में उद्योग सर्वाइव कर पाएंगे। इसके साथ ही लोन व ब्याज व टैक्स में रियायत के साथ रा मटेरियल में भी रियायत व सुलभता जरुरी है।

# गुंडा-बदमाशों पर निगरानी रखने एसएसपी ने बनाई कार्ययोजना



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर में लगातार मारपीट और चाकूबाजी की घटनाओं को देखते हुए एसएसपी दुर्ग प्रशांत अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को गुंडा बदमाशों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने एक कार्ययोजना भी तैयार की है, जिसको लेकर मंगलवार को सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक ली गई।

एसएसपी दुर्ग ने दुर्ग सबडिवीजन के सभी थाना चौकी प्रभारियों और मददगार, रीडरों को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में बुलाया। वहां उनके द्वारा बैठक लेकर विभिन्न थानों के निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की हिस्ट्रीशीट के साथ थानेवार जानकारी मांगी। बैठक में निगरानी रजिस्टरों में आधार कार्ड, अकाउंट नंबर, मोबाइल नंबर दर्ज करने एवं ऑनलाइन आपराधिक रिकॉर्ड निकाल कर रजिस्टरों मे अपडेट करने हिदायत दी। वहीं सजायाबों की जानकारी दर्जकर, चाल- चलन एवं गुजर बसर जांच कर रजिस्टर को अपडेट करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।

उन्होंने इसके लिए पूरी एक रणनीति तैयार की है, जिसके तहत उन्होंने थाना के प्रत्येक आरक्षक, प्रधान आरक्षक और विवेचकों को नामजद जिम्मेदारी देकर बदमाशों की लगातार चेकिंग करने की जिम्मेदारी दी। इसके साथ ही हिस्ट्रीशीटरों को लेकर प्रत्येक तीन-तीन माह में राजपत्रित अधिकारियों का टीप दर्ज करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में यदि किसी भी तरह की लापरवाही हुई तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।




# बीएसपी के ठेका श्रमिकों के बोनस की मांग को लेकर इंटक का मुर्गा चौक में प्रदर्शन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों को बोनस भुगतान की मांग को लेकर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक द्वारा मुर्गा चौक सेक्टर 1 में बुधवार को सुबह 7.45, से 8.45 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन दिवाल पूर्व बीस प्रतिशत बोनस की पूरी राशि सीधे मजदूरों के खाते में जमा करने की मांग कर रही है। यूनियन के उत्पादन, रखरखाव एवं लाभार्जन में ठेका श्रमिकों का योगदान है। बीएसपी के नियमित कर्मचारियों को बोनस (एक्सग्रेसिया) का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन अब तक ठेका श्रमिकों को बोनस प्रदान नहीं किया गया है। इससे श्रमिकों में आक्रोश है।

# सेल में आधा दर्जन ईडी के तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेल में आधा दर्जन से अधिक ईडी ईडी अन्य यूनिटों में स्थानांतरित हुए हैं। कार्पोरेट आफिस दिल्ली से नेट पर सर्कुलर जारी कर दिया गया है। बीएसपी के दो प्रमोट अफसरों को नई जिम्मेदारी मिली है। एसके गजभिए ईडी सीएफपी चंद्रपुर ईडी (प्रोजेक्ट) को डीएसपी दुर्गापुर और बीके गिरी ईडी सीजीओएम सीएमएलओ बीएसपी को ईडी (माइंस डेवलपमेंट) सीएमएलओ राउरकेला प्लांट प्रमोट कर स्थानांतरित किया गया है। एसके सिंग ईडी (कोलरीज एंड सीसीएसओ) सीएमएलओ चश्नाला ईडी( एमएम) आईएसपी बर्नपुर पदोन्त हुए हैं। इसी तरह पी मुरुगेशन ईडी (प्रोजेक्ट) डीएसपी दुर्गापुर को ईडी सीएफपी चंद्रपुर भेजे गए हैं। के रामाकृष्णा ईडी (वर्क्स ) डीएसपी दुर्गापुर को ईडी एसएसओ रांची और दीप्तदेंदु घोष ईडी(वर्क्स ) आईएसपी बर्नपुर को ईडी एलएंडआई कोलकाता स्थानांतरित हुए हैं। अनूप कुमार ईडी एसएसओ रांची को ईडी वीआईएसएल भद्रावती और पीके सरकार ईडी एसएसपी सालेम स्टील प्लांट को ईडी (प्रोजेक्ट) बीएसपी भिलाई स्थानांतिर किया गया है। बीएस पोपली ईडी (एचआर) सीओ नई दिल्ली को ईडी (एमएम) डीएसपी दुर्गापुर और ए मुखर्जी प्रमोट होकर ईडी (एफएंडए) आईएसपी बर्नपुर ईडी (इंटरनल आडिट ) सीओ नई दिल्ली पदोन्नत किया गया है। बीएल चंदवानी ईडी वीआईएसएल भद्रावती को ईडी (एसपीयू) डीएसपी दुर्गापुर स्थानांतरित हुए हैं।

▪ बीएसपी के गिरी राउरकेला व सालेम के सरकार भिलाई आए

### 15 सीजीएम बने ईडी

सेल के 15 मुख्य महाप्रबंधकों का ओहदा बढ़ गया है। ईडी के रुप में प्रमोट कुछ अफसर अन्य यूनिटों में स्थानांतरित किए हैं। सीजीएम से ईडी प्रमोट होने वाले अधिकारी ये हैं- बीएसपी सीजीएम अनूप कुमार दत्ता सहित अनिल कुमार अरोरा, अरुण कुमार, बीबी करुनम्या,दीपक जैन, कमल भास्कर, पीके बैसाखिया, प्रवीण कुमार, आरके बिसारे, राजकुमार सिन्हा, राजीव पांडे, संजय ढार, सौम्या टोकडार, विनीत रावल, विपिन कुमार सिंह ईडी प्रमोट हुए हैं। इंटरव्यू बाद आज सेल दिल्ली ने नेट पर परिणाम जारी कर दिए हैं।

# जेएलएन अस्पताल में संक्रमण निवारण सप्ताह, नाटक व पोस्टर से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल में 11 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण निवारण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के वैश्विक थीम संक्रमण निवारण के लिए 'स्टैंड यूपीपीपी – यूनाइट, प्रोटेक्ट, प्रिवेंट एंड प्रीवेल (यूपीपीपी का समर्थन करें – एकजुट हों, सुरक्षा करें, रोकथाम करें, प्रबल हों) पर विशेष बल दिया गया। इस विषय के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में एकता और सामूहिकता की उस भावना को उजागर किया गया जो समुदायों की रक्षा, संक्रमणों की रोकथाम और एक सुरक्षित, स्वस्थ भविष्य के निर्माण के लिए आवश्यक है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम शुरु किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर तथा डॉ. उदय कुमार उपस्थित थे।इसअवसर पर जागरूकता पोस्टर के विमोचन और ओपीडी परिसर में चिकित्सा विभाग की विभिन्न इकाइयों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों तथा कर्मचारियों ने जागरूकता पोस्टर बनाकर संक्रमण नियंत्रण के महत्व पर संदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी (क्यूएमडी) डॉ. अनिरुद्ध मेने व डॉ. संबिता पांडा के साथ डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं क्यूएमडी के प्रतिनिधि बीना जोस और जूनियर मैनेजर रेज्जी वेणुगोपाल सहित चिकित्सालय स्टाफ एवं छात्र उपस्थित थे।



### सावधानियों पर दें ध्यान

डॉ द्विवेदी ने कहा कि हाथों की स्वच्छता और सफाई जैसे सरल उपाय संक्रमण नियंत्रण की दिशा में अत्यंत प्रभावी बताते हुए सावधानियों को निरंतर बनाए रखने का आह्वान किया। डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर ने अस्पतालों में आगंतुक नियंत्रण को संक्रमण के प्रसार की रोकथाम और डॉ. उदय कुमार ने सतत जागरूकता और अनुशासित व्यवहार पर बल दिया। अपोलो नर्सिंग कालेज की छात्राओं ने नाट्य प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का संचालन चीफ़ कंसलटेन्ट डॉ. आकांक्षा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक अनुजा सक्सेना ने किया।




## गुणवत्ता व समय पर ध्यान देने की दी हिदायत

# आयुक्त ने किया निर्माणाधीन एमआरएफ प्लांट व पीएम आवास का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 02 वैशालीनगर अंतर्गत निर्माणाधीन एम.आर.एफ. प्लांट, एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं जोन 1 खम्हरिया प्रधानमंत्री आवास का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा जामुल ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के समीप निर्माणाधीन मटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (एमआरएफ) प्लांट का निरीक्षण कर कार्य गुणवत्ता एवं समयावधि का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं एजेंसी अनुराग शर्मा को निर्देशित किये हैं। गोठान को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से कुछ मवेशियों को शिफ्टिंग के संबंध में भी जोन आयुक्त ऐशा लहरे के साथ चर्चा की गई।



### एसएलआरएम सेंटर का औचक निरीक्षण

निगम आयुक्त द्वारा समीपस्थ एसएलआरएम सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया । कार्यरत स्वच्छता दीदियों के उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया गया। कार्य की आवश्यकता और मांग के अनुरूप दीदियों के नियोजन किये जाने के संबंध में सुझाव दिये, जिससे व्यय के अनुरूप कार्य का सही प्रबंधन किया जा सके। कुरूद कैलाश नगर स्थित कृष्णकुंज उद्यान के समीप निगम का रिक्त भूमि है, उक्त स्थल में तार से फेंसिंग कर पौधारोपण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### पीएम आवास निर्माण देखा

जोन 1 अंतर्गत खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण किया गया है। जहां कुछ परिवार निवास करना प्रारंभ कर दिए हैं, निर्माणकर्ता एजेंसी को मकान का कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। निर्माण कार्य अंतिम स्थिति में है, जल्द ही लोगों को बकाया आवास मिलेगी । आवास निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीपक देवांगन, आदित्य सिंह एवं एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

04

साड़ियों के ट्रेंडी डिजाइन को करें वार्डरोब में शामिल

## लाइव इवेंट

## क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में स्पर्श की टीम ने जीता खिताब



**भिलाई।** स्पर्श अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयोजित चार दिवसीय स्पर्श कॉरपोरेट कप सीज़न 1 टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का बीती रात समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में शहर की 16 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसका फाइनल मुकाबला स्पर्श और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के बीच खेला गया।

■ स्पर्श कॉरपोरेट कप सीज़न 1 का शानदार समापन: रोमांचक फाइनल में स्पर्श की टीम ने खिताब जीता

### जोरदार बारिश के बाद महामुकाबला

ग्रैंड फ़ाइनल मैच शाम साढ़े 7 बजे शुरू हुआ, जो दर्शकों की भारी भीड़ और उत्साह के बीच बेहद रोमांचक रहा। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद स्पर्श की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि एसटीएफ उपविजेता रही। फाइनल मैच और पुरस्कार वितरण समारोह में नगर निगम भिलाई के स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, नेताप्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद अभय सोनी, डॉ ए पी सावंत, डॉ सुगम सावंत, डॉ दीपक वर्मा और शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रबंधन के अधिकारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधी और वरिष्ठ चिकित्सक विशेष रूप से मौजूद थे। इन गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और आयोजन की सराहना की।

### पुरस्कार वितरण और सम्मान

समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम को शानदार ट्रॉफी और 41000 रुपये और उपविजेता टीम को भी ट्रॉफी और 21000 का चेक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन और मैन ऑफ द सीरीज स्पर्श के सत्यम पटेल रहे, बेस्ट बॉलर एसटीएफ के प्रवीण को स्पर्श के डॉ संजय गोयल खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन खेल के लिए पुरस्कृत किया गया। उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों और आयोजकों को खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के महत्व पर जोर दिया। डॉ. संजय गोयल ने टूर्नामेंट के सभी प्रतिभागियों, दर्शकों, अतिथियों और अस्पताल की पूरी टीम आभार व्यक्त किया।

## सिटी इवेंट

## जीवन शैली अपनाने अग्रवाल समाज ने रनथॉन में ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा



**भिलाई।** स्वस्थ जीवन शैली का संदेश देने यंग इंडियन्स दुर्ग चेप्टर के रनथॉन में 10 साल से लेकर 70 साल तक के एक हजार से अधिक धावकों ने दौड़ लगाई। जिसमें सभी आयु वर्गो के साथ अनेक समाज के लोगो सहित अग्रवाल समाज ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस दौरान अग्रवाल समाज के संरक्षक सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल महासचिव ललित सक्सेरिया ने बताया कि यंग इंडिया द्वारा आयोजित रनथॉन प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज के लगभग 200 सदस्यों में उत्साह पूर्वक भाग लिया। अग्रवाल समाज की शहर के सभी सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता रहती है। समाज के वरिष्ठ संजय रुंगटा ने कहा कि रनथॉन एक फिटनेस और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने वाला कार्यक्रम है, जिसमें व्यक्ति स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित होता है। मीडिया प्रमुख मनोज अग्रवाल और मुरारी अग्रवाल ने कहा कि रनथॉन केवल एक दौड़ ही नहीं बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में कदम बढ़ाने का अवसर भी है। अग्रवाल समाज की संरक्षिका उषा अग्रवाल, अध्यक्ष सरिता गोयल, यूथ क्लब अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में प्रतिस्पर्धा के माध्यम से स्वस्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज के सभी वरिष्ठ सदस्यों ने यंग इंडिया के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल सहित उनकी पूरी टीम को आयोजन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समाज के प्रेम अग्रवाल, विमल राजगढ़िया, प्रतीक अग्रवाल, आकाश गोयल, हिमांशु अग्रवाल, संगीता राजगढ़िया, अनिता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, संजना पोद्दार, प्रीति राजगढ़िया, नीतू अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## युवक-युवतियों का पंजीयन 31 तक

**दुर्ग।** जिला साहू संघ दुर्ग का 34 वां युवक- युवती परिचय सम्मेलन 9 नवंबर रविवार को प्रातः 11 बजे से गोंडवाना भवन दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। विवाह योग्य युवक युवतियों द्वारा वैवाहिक पत्रिका परिचायिका में अपना पंजीयन कराने हेतु प्रतिभागी द्वारा पंजीयन पत्र व निर्धारित शुल्क के साथ ऑफ लाइन अथवा ऑन लाइन पंजीयन किया जा सकता है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने बताया कि परिचायिका में साहू समाज के विवाह योग्य युवक-युवती का नाम एवं बायोडाटा पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा एवं युवक युवती द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी दिया जाएगा। पंजीयन कराने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। पंजीयन के लिए जिला साहू संघ कार्यालय केलाबाड़ी दुर्ग, जिला पदाधिकारी एवं,तहसील पदाधिकारी को भी आवेदन दे सकते है एवं ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है।

● करवा चौथ की खरीदारी के लिए ब्यूटी पार्लर, कपड़े व ज्वेलरी पर दिए जा रहे हैं आकर्षक ऑफर


# त्योहारों में नेचुरल रेमेडी की ओर रुझान ज्यादा, एचडी मेकअप लबीबी ग्लो और हाइड्रा फेशियल महिलाओं की पहली पसंद

**भिलाई।** आने वाले करवा चौथ और दिवाली के चलते महिलाओं के स्वागत और खरीदारी के लिए बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। आकाशगंगा, सिविक सेंटर, दुर्ग बाजार में कपड़े व ज्लेवरी की दुकानों में नई-नई वैरायटी तैयार कर ली गई हैं। वहीं ग्राहकों के नए-नए ऑफर भी दिए जा रहे हैं। करवाचौथ पर्व को लेकर बाजार में सुहागिनों ने खरीदादरी शुरु कर दी है। ऐसे में बाजार भी नए नए डिजाइन के कपड़ों, चुड़िया व ज्वैलरी से लैस हो गए है। करवाचौथ का पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। इसके लिए ब्यूटी पार्लर में एडवांस देकर प्री बुकिंग कर ली गई है। करवा चौथ के पर्व पर महिलाएं खूब सजती सवंरती है। इन दिनों बाजारों में महिलाओं की भीड़ दिख रही है। शहर के सेक्टर 6 ए मार्केट, रिसाली, पावर हाउस, दुर्ग इंदिरा मार्केट के बाजार गुलजार हो रहे है। कुछ स्थानों पर मेहंदी और सजने-संवरने के लिए स्टॉल भी लगाए गए हैं। ब्यूटी पार्लर द्वारा भी विभिन्न तरह के पैकेज से सुहागिनों को लुभाया जा रहा है। इसके अलावा कपड़ा मार्केट में भी खासी रौनक है। तो वहीं सर्राफा बाजार में पहले से ज्यादा चमक आ गई है। इस करवाचौथ पर कारोबारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद जताई है। करवा चौथ के चार दिन बाद अहोई अष्टमी का पर्व मनाया जाता है। ऐसे में बाजार ग्राहकों से गुलजार होने लगे हैं।

### महिलाएं पहुंच रही खरीदारी करने बाजारों में

करवाचौथ पर बाजार में उतारी गई लाइट वेट ज्वेलरी ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। सिल्क आभूषण भी पसंद किया जा रहा है। इसमें भी पांजेब, ब्रेसलेट चांदी और सोने दोनों में ही उपलब्ध हैं। पर्व को लेकर शहर के विभिन्न ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं का सजने-संवरने के लिए आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। शहर के प्रतिष्ठित ब्यूटी पार्लरों ने करवाचौथ को देखते हुए स्पेशल पैकेज जारी किए हैं, जिनमें पैडीक्योर, मैनीक्योर, फेशियल शामिल है।





### हाइड्रा फैशियल और एचडी मेकअप का चढ़ा रंग

रोजलीना सेलून की संचालिका रोजलीना ने बताया कि सोशल मीडिया के दौर में अब महिलाएं पहले की अपेक्षा एडवांस हो गई है। टीवी सीरियल, इंस्टा, रील बनाने के लिए वे पहले से ही एचडी प्रोडक्ट मेकअप, हाइड्रा फैशियल के लिए प्री बुकिंग करा चुके है लेकिन काफी महिलाओं का आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट, पंचकर्म, नेचुरोपैथी की ओर रुझान दिख रहा है। हाइड्रा फैशियल और रेगुलर हाइड्रा एडवांस फोटो फैशियल 25प्लस कोई भी करा सकता है फेस के पिगमंटेशन को डीपली क्लीन करता है। वहीं आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट, नेचुरोपैथी व पंचकर्म में शहद, वैजीटेबल, फ्रूट पल्प, एलोवेरा, जूस आदि से फैशियल और ट्रीटमेंट की ओर रुझान बढ़ा है साथ ही सोना बाथ स्टीम बाथ नेचुरल रैमिडी को ज्यादा प्रीफर कर रहे है जो बॉडी को डिटाक्स करता है।

### स्पेशल पैकेज के रेट पर स्पेशल छूट

मेंहदी आर्टिस्ट रुपल गुप्ता ने बताया की त्यौहारों के सीजन को देखते हुए सभी दुकानों मे छूट दी जा रही है। मेंहदी लगवाने के लिए एडवांस बुकिंग वहीं, कई ब्यूटी पार्लर ने अपने स्पेशल पैकेज के रेट पर स्पेशल छूट घोषित की है। करवाचौथ तक पार्लर में महिलाओं की खूब गहमा-गहमी रहेगी।

### साड़ियों में ट्रेडिशनल सिल्क का क्रेज बरकरार, बाजारों में अधिक डिमांड



श्री सज्या बुटिक संचालिका संजना कुकरेजा ने बताया कि करवाचौथ, दीपावली और छट्ठ पूजा को ध्यान में रखते हुए महिलाओं में फैंसी को छोड़ एक बार फिर से ट्रेडिशनल सिल्क का क्रेज ज्यादा देखने को मिल रहा है। साथ में इस बार गर्ल्स और लेडिस में फारसी सलवार विथ कुर्ती ऑन डिमांड है। और रंगों में पर्पल, डार्क रेड और रानी लोग ज्यादा पसंद करते है। साथ ही शिफान, जार्जेट अथवा नेट वर्क, ब्रासो, ब्रोकेट, क्रेप की साड़ियां भी लुभा रही है। बाजार में इन दिनों विभिन्न टीवी सीरियलों के महिला किरदारों के नाम से ड्रेस मिल रहे हैं। वहीं बनारसी, हैदराबादी व लुधियाना की साड़ियों की खास डिमांड है। महिलाएं लेटेस्ट फैशन के बारे में सीरियलों से जानकारी लेती रहती हैं। रंगों में इस दौरान लाल व मैरून के अलावा नीले, हरे, पीले नारंगी रंग के अलावा मल्टी कर्ल्ड परिधान चल रहे हैं। ज्यादातर साड़ियां हैवी पल्लू वाली चल रही हैं।

### मिट्टी के बने करवा की बाजार में भरमार

व्यापारियों के अनुसार इन दिनों बार में छोटे पर्दे के टीवी सीरियल की महिला किरदारों द्वारा पहने जाने वाले आभूषण, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, साड़ी, चूड़िया, कड़े ही नहीं बल्कि बिंदी की काफी मांग हैं। ज्वेलर्स के संचालक बताते हैं कि उनके पास अलग अलग प्रकार के डिजाइन की ज्वेलरी मंगाई गई है। वहीं मिट्टी के बने करवा की बाजार में भरमार है। करवा चौथ को लेकर मिठाई की दुकानों पर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। करवा चौथ पर घर में बनाई जाने वाली फैनियों व फीकी मठ्ठियों की और फलों की बिक्री जोरों पर है।

# महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से दिया आदर्श जीवन जीने का संदेश

भिलाई। आर्य समाज दुर्ग में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा और साहित्यिक गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता आर्य समाज के आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि किसी एक समाज या वर्ग के कवि नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कवि हैं।



उन्होंने अपने जीवन और साहित्य के माध्यम से यह सिद्ध किया कि हर व्यक्ति अपने कर्म, ज्ञान और साधना से महानता प्राप्त कर सकता है। वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण केवल कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन का पथप्रदर्शक ग्रंथ है, जो आदर्श, मर्यादा, संयम और करुणा का अद्वितीय संगम है। उन्होंने बताया कि राम आदर्श और त्याग का प्रतीक हैं, जबकि रावण सोने-चाँदी और सुख-संपत्ति के बावजूद हमेशा अतृप्त रहा। रामायण हमें यह सिखाती है कि जीवन में सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना कठिन है, पर वही मार्ग स्थायी और सार्थक होता है। उन्होंने आगे कहा कि वाल्मीकि का जीवन स्वयं प्रेरणा है। आर्य समाज रत्नाकर की कहानी को प्रक्षिप्त मानता है। रत्नाकर से वाल्मीकि बनने की यात्रा यह सिखाती है कि सच्चा परिवर्तन भीतर की आह से जन्म लेता है। वाल्मीकि का जीवन हमें करुणा और संवेदनशील बनने के लिए आह्वान करता है। डॉ. आर्य ने कहा कि रामायण में श्रीराम का चरित्र हमें सिखाता है कि नेतृत्व विनम्रता और करुणा से संपूर्ण होता है। रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि लोकमंगल की दिशा है, जिसमें परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण के आदर्श निहित हैं। छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री और आर्य समाज दुर्ग के प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने वाल्मीकि रामायण को ही प्रमाणिक और शुद्ध ग्रंथ माना है, क्योंकि इसमें धर्म, नीति और मानवीय मूल्य का सटीक समन्वय है। प्रवीण गुप्ता ने कहा कि वाल्मीकि की रचना केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली योजना है। श्रीराम के माध्यम से उन्होंने जनमानस को यह सिखाया कि सत्य और कर्तव्य ही मानवता का मूल धर्म है। कार्यक्रम के अंत में शांतिपाठ हुआ। उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों और रामायण की शिक्षाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ का मनाया गया प्रकटोत्सव


**भिलाई।** बोरियाकला स्थित द्वारिकाधीश शंकराचार्य आश्रम रायपुर में शरद पूर्णिमा महामहोत्सव व दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ का प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए और स्वामी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शरद पूर्णिमा के महत्व पर चर्चा की गई और पूजा अर्चना की गई। दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ का प्रकटोत्सव स्वामी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही स्वामी को आनाज से तौला गया। इस दौरान विधायक ने शरद पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला शरद पूर्णिमा का पर्व चंद्र देव की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है, जो शरद ऋतु की



शुरुआत का प्रतीक है। आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के विचार और आदर्श हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, चंद्रनाहु कुर्मी समाज अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, होरी लाल चंद्राकर, गोयल सिंह, अजीत चौधरी, डोमेंद्र साहू, शुभम शर्मा, रवि यादव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा वर्ल्ड एनिमल डे पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

# मिलेट्स और घरों में उपयोगी विभिन्न रंगों के अनाजों से बनाया पोस्टर, दिखाई रचनात्मकता



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** पशु संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा वर्ल्ड एनिमल डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने मिलेट्स और घरों में उपयोग होने वाले अनाजो से रंगों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।








### बीएससी के विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

छात्रों में पशु संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। जहां उन्होंने पशुओं के अधिकार, संरक्षण और उनकी देखभाल को उजागर किया। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने मिलेट्स और घरों में उपयोग होने वाले अनाजो से रंगों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किया प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर और बीएससी तृतीया सेमेस्टर के छात्रों ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पशुओं के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करना आज की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। पशु हमारे पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। यह संदेश समाज में फैलाने की जरूरत है उन्होंने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना न केवल उनकी रचनात्मकता को बढ़ाता है, बल्कि उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर भी प्रदान करता है। इस अवसक पर प्राणी शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया बजाज मौजूद रही।

**सिटी इवेंट**

## 11वीं से पीजी तक नहीं रुकेगी शिक्षा, हर साल दो सौ विद्यार्थी होंगे लाभान्वित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के किसी भी जिले से वैशाली नगर भिलाई दुर्ग में अध्ययन के लिए पहुंचे एससी और ओबीसी वर्ग के बच्चों के आगामी शिक्षण सत्र से ठहरने और भोजन के लिए वैशाली नगर विधायक ने अद्भुत पहल की है। जिसमें वैशाली नगर विस से दुर्ग जिले के सुदूर अंचलों तक के विद्यार्थी होंगे लाभान्वित होंगे। दुर्ग जिले और सुदूर अंचल से विद्या अध्ययन के लिए अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लगभग 200 युवक-युवतियों को विधायक रिकेश सेन की इस पहल का सीधा लाभ मिलने जा रहा है। इस सुविधा के तहत पंजीयन करवाने वाले इन दोनों वर्ग के सौ-सौ विद्यार्थी के शिक्षण संस्थान के लिए वैशाली नगर भिलाई क्षेत्र में रहने की निःशुल्क व्यवस्था विधायक करने जा रहे हैं, साथ ही ऐसे चयनित बच्चों को 1200 रूपये प्रतिमाह भोजन के लिए भी दिए जाएंगे। वैशाली नगर विधानसभा से दुर्ग जिले तक इस सुविधा का लाभ उन बच्चों को मिलेगा जो कि पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जाति से आते हैं तथा परिवार के आर्थिक रूप से सक्षम न होने की वजह से दसवीं के बाद विद्या अध्ययन में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। विधायक रिकेश ने बताया कि वैशाली नगर सहित दुर्ग जिले के ऐसे शासकीय स्कूल व महाविद्यालय जिससे इन दोनों वर्ग के बच्चे लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर निवास करते हैं तथा कक्षा 11वीं से विद्याध्ययन वैशाली नगर भिलाई क्षेत्र में करना चाहते हैं, उन्हें यह लाभ मिलेगा। यह सुविधा कक्षा 11वीं से स्नातकोत्तर तक प्रदान की जाएगी। यह योजना केवल शासकीय विद्यालय या महाविद्यालय में अध्ययन के लिए इच्छुक दोनों ही वर्ग के कुल दो सौ विद्यार्थियों को मिल सकेगा। उनकी इस पहल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सहर्ष स्वीकृति दी जिसके लिए विधायक रिकेश ने उनका आभार व्यक्त किया है।

**धर्म लाइव**

## राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह प्रदर्शनी उदघाटित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में फोटोग्राफर अनूप कुमार नायक, डां. हिमांशु गुप्ता और दानेश कुमार सिन्हा द्वारा खींचे गए वन्यजीवों के छायाचित्रों की समूह प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक मानस कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने आगंतुक पुस्तिका में विचार व्यक्त करते हुए लिखा कि यह वन्यजीव छायाचित्र प्रदर्शनी न केवल फोटोग्राफी की उत्कृष्ट कला का परिचायक है, बल्कि प्रकृति एवं जैव विविधता के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रभावी माध्यम है। शंकरा विद्यालय की कक्षा 7वीं के बाल कलाकार, मास्टर स्पंदन सेनगुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान सिंथेसाइज़र पर मोहक प्रस्तुति दी। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, सहायक महाप्रबंधक जवाहर बाजपेयी, शालिनी चौरसिया सहित कलाप्रेमी उपस्थित थे। प्रदर्शनी मे प्रकृति की सुंदरता, जैव विविधता का चित्रण प्रस्तुत करते हैं। भिलाई के अनूप कुमार नायक का बचपन से ही प्रकृति, पक्षी एवं वन्यजीव फोटोग्राफी के प्रति गहरा रुझान रहा। वर्तमान में वे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, चरोदा में लोको पायलट (शंटर) के पद पर कार्यरत हैं और उन्होंने पक्षियों के व्यवहार और प्राकृतिक संतुलन को अपने कैमरे में कैद किया है। डॉ. हिमांशु गुप्ता, वर्तमान में दीर्घायु वार्ड, शहरी सीएचसी, नवापारा अंबिकापुर में कीमोथेरेपी इंचार्ज के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और वर्ष 2017 से पक्षी अवलोकन और फोटोग्राफी से जुड़े हैं। इनकी तस्वीरें शांत वातावरण और जीव-जगत के सह-अस्तित्व की गहराई को दर्शाते हैं।स्वास्थ्य विभाग में सहायक चिकित्सा अधिकारी दानेश ने बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी से ऑर्निथोलॉजी में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों में पक्षियों के अध्ययन और संरक्षण कार्यों में सक्रिय रहे हैं। 8 अक्टूबर तक रोज 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे खुली रहेगी।

## 100 कलाकारों ने किया एक घंटे तक राम लीला का मंचन



**दुर्ग।** आइडियल क्रिएशन वेल्फेयर सोसायटी दुर्ग द्वारा दशहरे के पर्व पर पद्मनाभपुर स्टेडियम में लाइट एंड साउंड तकनीक पर आधारित राम लीला का मंचन किया गया। विदित हो की न्यू तरूण खेल एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा प्रति वर्ष पद्मनाभपुर के स्टेडियम में दशहरे पर्व का भव्य आयोजन किया जाता है । उसी तारतम्य में सोसाइटी द्वारा लगभग सौ कलाकारों को लेकर दो घंटे की राम लीला का अनवरत मंचन किया गया। इस तरह का खास आयोजन दर्शकों को आनंदित करने व संस्कृति व कला को समझने उम्दा उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत करता है। रामलीला के निर्देशन रंगकर्मी नकुल महलवार, सह निर्देशक योगेश पांडेय, लाइट में अर्जुन परमार व कास्टिंग सहायक जय कसेर का रहा। कार्यक्रम में अंचल के रंगकर्मियों तथा फिल्म कलाकारों ने शानदार अभिनय किया। जिसमें रजनीश झांझी, जयराम भागवानी, प्रकाश ताम्रकार, जागेश्वरी मेश्राम, प्रमोद ताम्रकार, रवि दुबे, विजय शर्मा, अखिलेश वर्मा, अनिरुद्ध ताम्रकार, जय कसेर, तेजराम साहू, किशोर जाटव, बाली नगरारे, सुधा जांगड़े, चंपालाल झारिया, अनुराधा देवांगन, योगेन्द्र साहू आदि शामिल हैं।

**राधा कृष्ण मंदिर गीताभवन सेक्टर 6 और साईं मंदिर में हुए आयोजन**

# युगल किशोरी का हुआ दिव्य श्रृंगार, शरद पूर्णिमा पर हुआ महारास, बांटी अमृत वर्षा की खीर



**भिलाई।** शरद पूर्णिमा का पर्व ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन सेक्टर 6 स्थित राधा कृष्ण मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह अभिषेक और विधि-विधान से पूजा पाठ और शाम को महारास गरबा का आयोजन किया गया। साथ ही अमृत वर्षा की खीर प्रसाद में वितरित की गई। वहीं सेक्टर 5 साईं बाबा मंदिर में दाल, बाटी चूरमा के भोग का लंगर आयोजित किया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर में सुबह के सत्र में पंडित सरजू प्रसाद द्विवेदी ने राधा कृष्ण विग्रह का विभिन्न द्रव्यों, गंगा जल, पंच गव्य सहित सुगंधित पुष्पों से विशेष महाभिषेक यजमान अनिल मित्तल द्वारा कराया गया।वही शाम के सत्र में मुख्य अतिथि बीएसपी के महाप्रबंधक अतुल दुबे, मुनीश गोयल, संस्था संरक्षक अतवीर सिंह राघव, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महाआरती की गई। जिसके बाद मंदिर प्रांगण में ही विशेष प्रस्तुति महारास गरबा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी विरेन्द्र शर्मा ने शरद पूर्णिमा के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शरद पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण का महारास ब्रज क्षेत्र में किया गया था। शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, अश्विन महीने की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को भगवान कृष्ण के जीवन में एक घटना घटी गोपियों के साथ मोहक महारास।



### शरद पूर्णिमा पर साईं बाबा का सजा दरबार



शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को चिकित्सक डॉ सुधीर गांगेय द्वारा साईं बाबा का दरबार सजाया गया। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने पूजा अर्चना और आरती के बाद दाल बाटी चूरमा का भोग प्रसाद ग्रहण किया। बारिश की संभावना के चलते इस बार यह आयोजन सेक्टर 5 के आंध्रा भवन में किया गया। प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर डॉ सुधीर गांगेय के परिवार की ओर से सेक्टर 5 निवास के समीप शिर्डी के साईं बाबा का दरबार सजाया जाता जाता रहा है। इस बार कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते स्थल परिवर्तन कर आयोजन आंध्रा भवन में संपन्न हुआ। सुबह 11 बजे साईं बाबा की पूजा अर्चना के बाद 11.20 बजे आरती की गई। आरती के बाद आए हुए सभी साईं भक्तों को बिठाकर दाल बाटी चूरमा का भोग प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधि जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सा सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### बच्चों ने किया गरबा

इस अवसर पर महारास गरबा में भिलाई-दुर्ग की विभिन्न डांस ग्रुप ने भाग लिया। जिसमें वेणु नाग की डांस टीम, सुनयना शिव शक्ति डांस एकेडमी भिलाई टीम, जानकी राव और टीम, रश्मि पाण्डेय की गरबा टीम, बाल कलाकारों के समूह में प्रत्यक्षा सोनी, सोनाक्षी टेटे, वंशिका जाट सहित कई महिलाओं और युवतियों ने भी गरबा कर महारास का आनंद लिया। राधा कृष्ण के रूप में दक्ष और महक बाल कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को पुरस्कृत कर खीर का प्रसाद वितरित किया गया।





**सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन**

# भजन, नृत्य और रास गरबा कर दिखाई भक्ति-संगीत की शक्ति





भिलाई। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज दुर्ग द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग के सामाजिक भवन यह कार्यक्रम हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें काफी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माता लक्ष्मी, भगवान परशुराम और चंद्र देव की आराधना व पूजा से साथ की गई।

समाज की वरिष्ठ संरक्षक सुमन पांडे और अध्यक्ष कमल नारायण शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अपर्णा चौबे ने समाज की नारियों की सक्रिय भागीदारी पर बल देते हुए सांस्कृतिक एकता और सहयोग का संदेश दिया। इस दौरान समाज की महिलाओं और युवाओं ने भजन, नृत्य और रास गरबा की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कई भजन मंडली सम्मिलित हुई। जिसमें 45 वर्ष पूरे करने वाले गया नगर की मण्डली अध्यक्ष लता शर्मा, सचिव सुमन शर्मा, दुर्गा और भजन गायिका विजय लक्ष्मी और पद्मनापुर की भजन मंडली अध्यक्ष लीलादेवी, सचिव झरना देवी और प्रीति को सम्मानित किया गया। प्रमुख वक्ताओं में सुमन पांडे और राजेंद्र दुबे ने बताया कि शरद पूर्णिमा का पर्व सामाजिक एकता और सौहार्द एवं आध्यात्मिक का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन आरती शुक्ला ने रोचक ढंग से सवालों के जवाब भी दिए। भजन मंडली और रास गरबा में आशा शुक्ला, गीतांजलि तिवारी, मीना पांडे, सुमन शर्मा, मनोरमा पांडे, नीलू शर्मा, संध्या तिवारी, पूनम, नीलू शर्मा, गरिमा शुक्ला, शिरीन पांडे, आशा शुक्ला, सुमन पांडे, गीतांजलि तिवारी सहि सभी महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें शिरीन पांडे विजेता रही। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ बीपी पांडे, प्रवीण तिवारी, पूर्णिमा तिवारी, विनोद पाण्डेय, जय महराज, कमलेश तिवारी, सतीश शर्मा, राजेंद्र दुबे, प्रदीप पांडे, हिमांशु द्विवेदी, अमितेश तिवारी और शैल किरण शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे।

**सेंटर बनेगा आधुनिक**

## एवायसी की पहल, सरस्वती शिशु मंदिर में बना डिजिटल लर्निंग सेंटर



**भिलाई ।** अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई द्वारा एवायसी केयर के माध्यम से मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर न्यू खुर्सीपार विद्यालय के हाल का जीर्णोद्धार एवं 4 कंप्यूटरों से सुसज्जित डिजिटल लर्निंग सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समाजसेवी नेतराम अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, ओमप्रकाश सिंगानिया एवं सुंदर बंसल के हाथों किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सेवा समिति न्यू खुर्सीपार के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी रतन अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, हाउसिंग बोर्ड से राकेश अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी नेतराम अग्रवाल एवं संतोष अग्रवाल ने विद्यालय को एक-एक अतिरिक्त कंप्यूटर देने की घोषणा की एवं विद्यालय को सुविधायुक्त बनाने के लिए लायंस क्लब के भगवान अग्रवाल ने क्लब की ओर से विद्यालय के बच्चों के लिए दो पानी की टंकियाँ प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा आगे भी विद्यालय को विकसित बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस डिजिटल लर्निंग सेंटर की स्थापना में अग्रवाल यूथ क्लब के अनूप अग्रवाल, अतुल गर्ग, हरीश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, सुनील जैन श्रीकांत अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब के सह-संस्थापक दिलीप अग्रवाल एवं अमित अग्रवाल की दूरदर्शी सोच और समाजसेवा के प्रति उनकी भावना ने ही इस नेक कार्य को संभव बनाया। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से यह परियोजना सफल हुई।

**दुर्लभ जड़ी-बूटियां, औषधियां और आधुनिक चिकित्सा में आयुर्वेद का प्रयोग**

# औषधीय पौधों की पहचान, निर्माण विधि व आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के पहलुओं का छात्रों ने लिया अनुभव

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने सहभागी शिक्षण के तहत राजीव लोचन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल दुर्ग में दसवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में जिज्ञासा और कुछ जानने का उत्साह दिखाई दिया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने औषधीय पौधों की पहचान, प्रकृति परीक्षण, आयुर्वेदिक औषधि निर्माण की विधियां और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विविध पहलुओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। प्रदर्शनी में दुर्लभ जड़ी-बूटियां, आयुर्वेदिक औषधियां और आधुनिक चिकित्सा में आयुर्वेद के प्रयोग को सरल ढंग से प्रस्तुत किया गया था। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. नीना बागची ने कहा आयुर्वेद सिर्फ चिकित्सा पद्धति नहीं है, यह जीवन जीने का मार्ग है। इस प्रदर्शनी से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान मिला, जो पुस्तकों से परे है और उन्हें प्रकृति के साथ गहरा संबंध बनाने में मदद करेगा।



### प्रकृति ही सच्चा चिकित्सक

गितिशा ने बताया कि हमने औषधीय पौधों और उनकी उपयोगिता के बारे में बहुत कुछ सीखा। प्रदर्शनी ने यह समझाया कि प्रकृति ही सच्चा चिकित्सक है और हम सभी उसके अंग हैं। स्वाति, दीक्षा, जूदित, भूमिका और अम्रता ने कहा कि आयुर्वेद को करीब से समझने का यह पहला मौका था। अब हमें विश्वास है कि यह पद्धति आधुनिक युग में भी अत्यंत प्रासंगिक है।



### परंपरा और विज्ञान का संतुलन जरूरी

राजीव लोचन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि आयुर्वेद दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का प्रयास है। भविष्य में भी ऐसे आयोजन और विस्तार से किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी एवं लोग आयुर्वेद से जुड़ सकें। शंकराचार्य के निदेशक डॉ.दीपक शर्मा और मोनीषा शर्मा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा तभी सार्थक है जब उसमें परंपरा और विज्ञान का संतुलन हो। आयुर्वेद हमें यह सिखाता है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य ही दीर्घायु और स्वास्थ्य का आधार है। हमारे विद्यार्थियों का यह अनुभव उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

### शैक्षणिक भ्रमण से आयुर्वेद की प्रासंगिकता उजागर

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने इसे विद्यार्थियों की बौद्धिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में नई दृष्टि पैदा करते हैं। आयुर्वेद जैसी प्राचीन पद्धति को निकट से जानना विद्यार्थियों के बौद्धिक और व्यावहारिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक साबित हुआ बल्कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता को भी उजागर करता है। सभी छात्रों ने प्रदर्शनी को प्रेरणादायी अनुभव बताते हुए कहा कि आयुर्वेद आज के समय में स्वस्थ जीवन का सबसे सहज और प्राकृतिक मार्ग है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बस्तर का युवराज एशियन यूथ गेम्स बहरीन के इण्डिया कैम्प के लिए रवाना



**रायपुर।** बहरीन (यू ए ई) में होने वाले एशियन यूथ गेम्स मे 21 विभिन्न खेलो के साथ म्यूथाई को भी शामिल किया गया है। जिसमें 06 बालिका एवँ 04 बालको सहित कुल 10 खिलाड़ियों के म्यूथाई दल को एशियन यूथ ओलंपिक में भाग लेने भारत शासन ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के माध्यम से स्वीकृति दी है। छत्तीसगढ़ राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि दूरस्थ बस्तर अंचल से गत 9 वर्षों से म्यू थाई राष्ट्रीय चैंपियन एवँ अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी जगदलपुर निवासी 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत इण्डिया कैम्प में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि युवराज राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है। युवराज के पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत भी अपने पुत्र के साथ भारतीय म्यू थाई दल के अन्तिम चयन हेतु इण्डिया कैम्प में भाग लेने जयपुर (राजस्थान) जा रहे हैं चूंकि युवराज की दादी श्रीमती सविता देवी सिंह का हाल ही में 18 सितंबर को दंतेवाड़ा में दुर्घटना में आकस्मिक अवसान हो गया था जिसकी वजह से यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप टर्की से युवराज को तत्काल वापस आना पड़ा था और स्व दादी के शोक कार्यक्रम की वजह से इण्डिया कैम्प में 04 दिन विलम्ब से जा रहा है। ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपनी स्व. दादी के सपने को पूरा करने युवराज अपने पिता के साथ जयपुर रवाना हो गया है। उल्लेखनीय है कि एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले भारतीय म्यूथाई दल के अन्तिम चयन हेतू 4 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक इण्डिया कैम्प का आयोजन जयपुर (राजस्थान) में किया जा रहा है जिसमे भारत के विभिन्न प्रदेशों के केवल अंडर 17 वर्ष वर्ग के प्रतिभाशाली 09 बालक एवँ 09 बालिका खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले 14 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल में 10 खिलाड़ी, 01 कोच, 01 निर्णायक, 01 ऑफिशियल और 01 नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल शामिल हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल के रूप में भारतीय म्यू थाई दल फेडरेशन यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में भारतीय म्यूथाई दल बहरीन जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य म्यू थाई संघ के समस्त पदाधिकारियों, युवराज के कोच अब्दुल मोइन सहित समस्त खिलाड़ियों को विश्वास है कि युवराज सिंह इण्डिया कैम्प में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारतीय म्यूथाई दल में चयनित होकर बस्तर अंचल और छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में प्रतिस्थापित करेंगे। युवराज सिंह के इण्डिया कैम्प में चयन पर प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव (संरक्षक छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन), राज्य म्यूथाई के पदाधिकारियों, कोच सहित खेल प्रेमियों ने अच्छे प्रदर्शन हेतू शुभकामनाएं दी है।

### छत्तीसगढ़ जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए रायपुर टीम गठित



**रायपुर।** बलौदा बाज़ार में 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 23 वीं छत्तीसगढ़ प्रदेश जूनियर पुरुष एवं महिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रायपुर जिला की टीम का गठन किया गया है। रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव रुस्तम सारंग ने बताया कि उक्त टीम में पुरुष वर्ग में चिरंजीव भारती,हंसराज मार्कण्डेय,अंकित भारती, तुषार साहू,देवव्रत शर्मा,हरीश मार्कण्डेय,झामेन्द्र पाल,योगानंद खरे,जतिन डहरिया,किशन धीवर,योगेन्द्र साहू,हनी वर्मा और केशव पाल शामिल हैं। इसी तरह महिला वर्ग में काजल, गीतिका टंडन,आयुषी सोनी,प्रीतु साहू,लुकेश्वरी साहू,मेघा और श्रेया साहू शामिल हैं। टीम के कोच दीपक धीवर और दिव्या सिन्हा एवं टीम मैनेजर अमन सिंह चौहान और फाल्गुनी साहू होंगे।

### टेनिस में रोमांचक मुकाबले




**रायपुर।** विष्णु स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से टेनिस टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ क्लब में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवतार जुनेजा, उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह चौहान एवं सुशील बालानी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में लगभग 60 से खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेन सिंगल्स में ईमोन भट्ट ने आर त्रिनाथ राव को 9-1 के स्कोर से पराजित कर विजय बनने का गौरव प्राप्त किया। मेंस डबल्स में ईमान भट्ट और आरिज खान की जोड़ी ने त्रिनाथ राव और राकेश राव की जोड़ी को 8-6 के स्कोर से हराकर खिताब जीता। अंडर-16 वर्ग सिंगल्स में मोहम्मद आरिज खान ने एकलव्य को 8-3 के स्कोर से पराजित कर विजय प्राप्त की।

शरीर को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले तत्वों से रहें दूर

# उम्र से पहले चेहरे पर झलकने लगा है बुढ़ापा तो अपनाएं 'एंटी एजिंग' उपाय, सुधरेगी लाइफ स्टाइल

दुनियाभर में तेजी से बढ़ती क्रोनिक बीमारियों, पर्यावरणीय नकारात्मक स्थितियों के कारण इंसानों की औसत आयु कम होती जा रही है। साल 2020 तक भारत में लाइफ एक्सपेक्टेंसी 69.73 साल रह गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिस प्रकार से वैश्विक स्तर पर संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ा है, इसका भी हमारी उम्र और त्वचा पर असर देखा जा रहा है, इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी भी एक बड़ा जोखिम कारक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, लंबी आयु चाहते हैं तो जरूरी है कि इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहें। हमारी जीवनशैली की कई चीजें न सिर्फ लाइफ एक्सपेक्टेंसी को कम कम कर रही हैं साथ ही शरीर को इस प्रकार से नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही हैं जिससे काम उम्र उम्र में ही बूढ़े दिखने लग सकते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि अधिक चीनी खाने और तनाव के शिकार लोगों में इस तरह के जोखिम अधिक देखे जा रहे हैं।



### ज्यादा मीठी चीजें नुकसानदायक

ज्यादा मीठी या चीनी का सेवन करने को हाई ब्लड शुगर और डायबिटीज का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता रहा है। पर क्या आप जानते हैं कि ये सिर्फ डायबिटीज ही नहीं आपकी एजिंग को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। हमारी त्वचा कोलेजन और इलास्टिन से बनी होती है, जो इसे कोमल और मुलायम बनाती है। जब आप चीनी ज्यादा खाते हैं तो ये कोलेजन के क्रॉस-लिंकिंग का कारण बनती है, जिसके परिणामस्वरूप हमारी त्वचा सख्त हो जाती है और इसकी लोच कम हो जाती है। आप जितना अधिक चीनी खाते हैं, ये त्वचा के लिए उतनी ही नुकसानदायक हो सकती है।

### तनाव आपको बनाती है जल्दी बूढ़ा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सिर्फ ज्यादा चीनी खाना ही नहीं, अगर आपका स्ट्रेस लेवल भी अधिक है तो ये स्थिति भी जल्दी उम्र को बढ़ाने वाला कारक हो सकती है। तनाव की स्थिति पहले तो गुड हार्मोन के स्तर को प्रभावित करती है, साथ ही लंबे समय तक तनाव का शिकार रहने के कारण कोशिकाओं में सूजन और डीएनए को क्षति भी पहुंचती है, ये स्थितियां उम्र बढ़ने की गति को तेज कर देती है। ज्यादा स्ट्रेस लेना मानसिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक समस्याओं का भी बड़ा जोखिम कारक है।



### कैसे कम करें ये जोखिम?

लखनऊ स्थित मेडिकल इंस्टीट्यूट में इंटर्नल मेडिसिन के डॉक्टर अभिनव शिखर बताते हैं, अगर आप बढ़ती उम्र को कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले अपनी लाइफस्टाइल और आहार को ठीक कर लें। अधिक चीनी और नमक दोनों की मात्रा अपने आहार में कम करें, इसके अलावा विटामिन सी-डी वाली चीजों की मात्रा को बढ़ाना भी जरूरी है।



### नियमित व्यायाम सबसे कारगर एंटी-एजिंग

डॉक्टर बताते हैं, त्वचा की बढ़ती उम्र के रोकना चाहते हैं या फिर लंबी आयु चाहते हैं तो इसके लिए सबसे कारगर तरीका है कि आप दिनचर्या में नियमित रूप से व्यायाम को शामिल करें। रोजाना करीब 40 मिनट का व्यायाम-जंपिग या योग आपको शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने में मदद करती है जो सीधे तौर पर आपमें गुड हार्मोन्स का स्तर बढ़ाती है और ये आपके लिए एंटी-एजिंग सबसे कारगर एंटी-एजिंग हो सकती है।



## भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी जीत दर्ज की, फिलीपींस ने हांगकांग को हराया

**रायपुर।** गुवाहाटी (असम) में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में मेज़बान भारत ने मिश्रित टीम चैंपियनशिप के नॉक-आउट चरणों में अपना वर्चस्व जारी रखते हुए ग्रुप एच में श्रीलंका के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन किया। जबकि फिलीपींस ने मंगलवार को नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सुहांदिनाता कप के लिए जारी योनेक्स सनराइज बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन ग्रुप एफ के एक रोमांचक मुकाबले में हांगकांग को हराया।

भारत नॉक-आउट चरण में आगे बढ़ने का प्रबल दावेदार है क्योंकि ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली और दूसरी वरीयता प्राप्त टीम ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए श्रीलंका पर 45-27, 45-21 से जीत दर्ज की। श्रीलंकाई ने सोमवार को एक रोमांचक मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को हराया था।

अन्य शीर्ष देशों में, 14 बार के चैंपियन चीन और पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया ने अपने-अपने ग्रुप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की, जबकि फिलीपींस ने हांगकांग को 42-45, 45-28, 45-43 से हराया।




ग्रुप डी में खेल रहे चीन ने इंग्लैंड को 45-22, 45-19 से हराया, जबकि ग्रुप जी में दक्षिण कोरिया ने पहली बार खेल रहे भूटान को 45-5, 45-17 से हराया। कोरियाई टीम के बगल वाले कोर्ट पर खेलते हुए, भारतीय टीम को ज़्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा, जबकि टीम प्रबंधन ने कुछ नए खिलाड़ियों को मैदान में उतारा था। इन सभी सोमवार को नेपाल के खिलाफ शुरुआती सेट में खेलने का मौका नहीं मिला था।

ललथाज़ुआला हमार ने लड़कों के एकल मैच में केनेथ अरुगोडा को 9-2 से हराकर टीम को आत्मविश्वास से भरी शुरुआत दिलाई और भव्य छाबड़ा और मिथिलेश पी कृष्णन ने सानुदा अरियासिंघे और थिसाथ रूपथुंगा के खिलाफ बढ़त को 18-6 तक पहुँचाया।

केवल लड़कियों की एकल खिलाड़ी रक्षिता श्री (जो पहली बार टीम रिले-स्कोरिंग प्रारूप में खेल रही थीं) रनिथमा लियानागे के खिलाफ संघर्ष करती रहीं और 3-8 से पीछे चल रही थीं, लेकिन अगले सात में से छह अंक जीतकर उन्होंने स्कोर 36-21 कर दिया।

पुणे में आयोजित जूनियर ग्रां प्री के फाइनलिस्ट सी लालरामसांगा और तारिनी सूरी ने अरुगोडा और लियानागे को 9-6 से हराकर सेट 45-27 से अपने नाम कर लिया। रौनक चौहान ने दूसरे सेट में भारत के लिए शुरुआत की और हालाँकि मेज़बान टीम ने इस सेट में बिल्कुल नई लाइन-अप खेली, लेकिन नतीजा लगभग एक जैसा ही रहा और उन्होंने दूसरे सेट में 45-21 से जीत हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया।

इसके बाद फिलीपींस के दर्शकों ने अपनी सीटों पर अपनी पकड़ बनाए रखी क्योंकि जमाल पांडी ने एकल, युगल और मिश्रित युगल दोनों में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को प्रतियोगिता के इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में मदद की।

जमाल ने न केवल अपने सभी एकल मैच शानदार तरीके से जीते, बल्कि अंतिम सेट के पुरुष युगल मैच में राल्फ नीनो डालोजो के साथ मिलकर एक अविश्वसनीय जीत भी हासिल की। मैच की शुरुआत में फिलीपींस 27-36 से पीछे चल रहा था और इसका मतलब था कि हांगकांग के चेंग यिंग किट और देंग ची फाई के नौ अंक जोड़ने से पहले उन्हें 18 अंक जीतने थे।



## सीढ़ियों के वास्तु दोष से हो सकती हैं धन और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जानें एक्सपर्ट की राय

अगर आप घर के सदस्यों की सेहत और धन से संबंधित परेशानियां से दूर रखना है, तो इसके लिए घर में बनी सीढ़ियों का खास ध्यान रखें। इससे वास्तु दोष भी कम होता है। साथ ही आपके घर में परेशानियां भी कम होती हैं। वास्तु एक्सपर्ट ने इसके बारे में जानकारी शेयर की है।

सीढ़ियां घर के एक फ्लोर से दूसरे फ्लोर तक जाने में मदद करती है। इसलिए लोग अपने घर में सुंदर और सबसे आरामदायक सीढ़ियों को डिजाइन करवाते हैं, लेकिन इन्हें बनवाते समय वास्तु का खास ध्यान रखना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से घर में वास्तु दोष सबसे ज्यादा लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सीढ़ियों को डिजाइन करवाते समय वास्तु से जुड़ी चीजों का खास ध्यान रखें। एस्ट्रोलॉजर और वास्तु एक्सपर्ट रिद्धि बहल ने कुछ ऐसी ही टिप्स को आर्टिकल में शेयर किया है, जिसका ध्यान रखकर आपके घर में धन और स्वास्थ्य से जुड़ी हानि नहीं होगी।

### सीढ़ियों की वजह से वास्तु दोष कैसे लगता है?

अक्सर ऐसे कई सारे मामले सामने आते हैं, जिसमें परिवार में धन संबंधी और स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं सबसे ज्यादा देखने को मिलती है। इसका कारण होता है, घर में बनी सीढ़ी। ऐसा इसलिए क्योंकि यह वास्तु के हिसाब से डिजाइन नहीं की गई होती हैं। इसके लिए एक्सपर्ट द्वारा वास्तु एनालिसिस किया गया, तो इसमें पाया गया कि सीढ़ियों के डिजाइन को वास्तु के हिसाब से तैयार नहीं किया गया है। साथ ही इनमें होने वाले रंगों को भी एनर्जी को कंट्रोल करने के लिए नहीं लगाया है। इसलिए घर में वास्तु दोष का असर नजर आ रहा है।



### सीढ़ियों को वास्तु के हिसाब से कैसे करें तैयार?

वास्तु एक्सपर्ट के अनुसार घर में सीढ़ियां बनाने के लिए सबसे अच्छा दक्षिण कोना होता है, लेकिन अगर इस कोने में आप सीढ़ी नहीं बना पा रहे हैं, तो ऐसे में आप पश्चिम हिस्से में भी सीढ़ियों को डिजाइन करा सकती हैं। सीढ़ियों पर ऊपर जाते हुए पश्चिम या दक्षिण दिशा में जाना अच्छा रहता है। इससे धन से जुड़ी समस्याएं कम होती हैं। कोशिश करें कि आप सीढ़ियों को क्लॉक वाइज डिजाइन करवाएं। इस बात का ध्यान रखें कि सीढ़ी के नीचे वाले हिस्से को खाली न रखें। यहां पर आप कोई स्टोर रूम को डिजाइन करवाएं। वास्तु के अनुसार, सीढ़ियों को हमेशा ऑड नंबर के हिसाब से डिजाइन करवाएं। सीढ़ियों को रंगने के लिए हल्के रंगों का इस्तेमाल करें। अगर सीढ़ियां टूटी हुई हैं, तो इसकी मरम्मत करवाएं, ताकि एक्सीडेंट या परिवार में तनाव होने की संभावना कम हो सके। अगर आपको भी लगता है कि धन या स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं।

## घर पर ट्राई करें कुछ बंगाली नाश्ता, भूलेगा नहीं जाएगी

ऐसे में यदि आप घर पर कुछ बंगाली डिशेज बनाना चाहती हैं तो जरूर बनाईए। घर वालों को नया जायका भी मिलेगा और आपको मिलेगी तारीफें।

**आलू काबली:** आलू चाट की तरह दिखने वाला आलू काबली एक प्रसिद्ध बंगाली डिश है, जिसे बंगाल में बनाया जाता है। है तो यह एक तरह का चाट ही जिसे बंगाल में उबले हुए आलू, काबली चना और कुछ पारंपरिक मसालों के संयोजन से तैयार किया जाता है।

**मोचर चॉप:** केले के फूलों से तैयार मोचर चाप पकौड़े या कटलेट की तरह दिखता है। सॉफ्ट केले के फूल और पारंपरिक मसालों से तैयार इस मोचर चॉप को काशुंडी नामक बंगाली सरसों की चटनी के साथ परोसा जाता है। मीठे के साथ आप मोचर चाप सर्व कर सकती हैं।



**कोराईशुतिर कोचुरी:** बंगाली लोगों के बीच यह कचौरी का बढ़िया संस्करण है। जहां नॉर्थ इंडिया में आलू और दाल से कचौरी बनाया जाता है, वहीं वेस्ट बंगाल में हरे मटर से इस कोराईशुतिर कोचुरी को बनाया जाता है। दम आलू के साथ इस कचौरी को खाया जाता है। बिना लहसुन प्याज के बनाकर इसे घर वालों को खिलाएं।

**घुघनी:** सफेद मटर से तैयार घुघनी को न सिर्फ बंगाल के लोगों के द्वारा खाया जाता है, बल्कि बिहार, यूपी समेत दूसरे राज्यों में भी खाया जाता है। सभी के बनाने और खाने का तरीका अलग होता है। नींबू के रस और पारंपरिक मसालों से तैयार किए गए इस घुघनी को भी सर्व कर सकते हैं।

**चुरमुर:** उबले हुए आलू और कुचले हुए फुचके से तैयार यह स्नैक्स पारंपरिक मसाले और इमली के पानी के साथ बनाया जाता है। साधारण भाषा में इसे आलू चाट समझ सकते हैं, जो हर गली-मोहल्ले में आसानी से मिल जाएगा।

कार्नर न्यूज

जीवन में सबसे ज्यादा मायने रखती है सामूहिक सफलता

# अपने लक्ष्य को पाना है तो टीम वर्क को दें प्राथमिकता, सफलता चूमेगी आपके कदम

टीम वर्क एक तरह से किसी भी लक्ष्य को पाने का सबसे कारगर तरीका है इसके अलावा कुशल तरीके से किसी कार्य को पूरा करने के लिए एक समूह का सहयोगी प्रयास है। टीम वर्क किसी भी तरीके में मौजूद है जहां एक समूह के लोग एक समान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं उसे ही हम टीम वर्क कहते है।

### टीम का महत्व

अगर आप अकेले कितना भी काम कर ले मगर उतनी सफलता आपको उस काम में नहीं मिलेगी जितना आप अपनी टीम के साथ काम कर के कर सकते हैं। अकेले आप ज्यादा दूर नहीं जा सकते है। अकेले आप कुछ दूर तक तो दौड़ सकते हो मगर ज्यादा दूर जाने के लिए टीम की जरूरत होती है।

### क्यों जरूरी है टीम

टीम सिर्फ खेल में ही नहीं होती है बल्कि हरेक काम में टीम बनाकर सफलता को लिया जा सकता है। वहां पर एक बड़े सीनियर लीडर ने टीम वर्क के बारे में समझाया और उनका कहना था। टीम बनाने का मतलब है अपने वक्त को मल्टीप्लाई करना। हर एक इन्सान के पास एक दिन में काम करने के तय घंटे होते है। यदि आपका अपना काम है और आपके पास कंपनी में 10 लोग है अगर एक इन्सान एक दिन 8 घंटे काम करता है। तो आपके लिए एक दिन में 80 घंटे हो गया। जाहिर है, आपकी इनकम बढ़ जाएगी। जबकि अकेले काम करके आप 8 घंटे हिसाब से ही पैसे कमा पाते।



### टीम स्किल

हर इंसान अलग-अलग तरीके से किसी भी काम को करता है इसलिए उनके काम करने का तरीका भी अलग होगा। जैसे कि हमारा सहकर्मी जो कोई एक जल्दी काम खत्म कर लेगा और कोई होगा जो काम करने में ज्यादा समय लगाता हैं। किसी की प्रेजेंटेशन स्किल बहुत अच्छी होगी तो किसी की कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो हर किसी की विशेषता को साथ में लेकर मिलाजुला कर हम कैसे काम कर सकते है कैसे टीम में एक साथ काम कर पाए वह बहुत जरूरी हैं। टीम स्किल में प्रत्येक सहकर्मी की योग्यता और विशेषता को साथ लेकर चलना होता है। टीम वर्क को सक्सेसफुल बनाने के लिए टीम संचालक की अच्छी कम्युनिकेशन स्किल और सबकी सुनने की क्षमता होनी चाहिए। टीम वर्क के लिए एक दूसरे को समझ पाना बेहद जरूरी है। टीम मैनेजमेंट में आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के बातों को उनके विचारों को ध्यान से सुने और एक दूसरे के साथ समझदारी से बातचीत करके अच्छे-अच्छे आइडिया निकालें।

### टीम वर्क के फायदे

टीम वर्क एक महत्वपूर्ण कौशल है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में विकसित करने की आवश्यकता है। टीम वर्क महत्वपूर्ण होने के कुछ कारण यहां दिए गए हैं:

### रचनात्मकता बढ़ाता है



एक समय में समानता आने पर अक्सर लोगों को अधिक रचनात्मक और मुखर देखा जाता है। यदि किसी टीम के कर्मचारी एक-दूसरे से जुड़े होते हैं और उनमें आपसी समझ होती है, तो वे अस्वीकृति के डर के बिना अपने विचारों और विचारों को आत्मविश्वास से साझा करेंगे। इस प्रकार, ध्वनि टीमवर्क करना फायदेमंद है जो रचनात्मकता को सफलता की ओर ले जाएगा।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### लाइम रोग को मात देकर सैर पर निकलीं बेला, जिम क्लब से शेयर की तस्वीर



मशहूर मॉडल बेला हदीद लाइम रोग के इलाज के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आईं हैं। हाल ही में इस मॉडल को पेरिस में सड़कों पर घूमते हुए देखा गया। इसी दिन बेला हदीद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा 'लंबे समय के बाद जिम में पहला दिन!' उन्होंने एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था 'मैं चल रही हूं और मेरी खोई हुई ताकत वापस आ रही है।' इस पोस्ट को उनकी मां योलांडा हदीद ने शेयर किया और लिखा 'बहुत खूब बेला।।। दिन में एक बार ही एक्सरसाइज करना।' आपको बता दें कि डच टीवी की मशहूर हस्ती योलांडा हदीद, बेला हदीद, गिगी हदीद और अनवर हदीद की मां हैं। साल 2012 से पहले वह लाइम रोग से पीड़ित थीं। इलाज के बाद उन्होंने लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक किया है। साल 2015 में उन्होंने जानकारी दी कि उनके दो बच्चे बेला हदीद और अनवर हदीद भी इस बीमारी से पीड़ित हैं। हाल ही में योलांडा हदीद ने इस बात की जानकारी दी है कि उनकी बेटी बेला हदीद कैसे इस बीमारी से उबर पाई हैं। हाल ही में, योलांडा हदीद ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने बताया कि उनकी बेटी ने कैसे लाइम रोग को हराया। पोस्ट में उन्होंने अपनी बेटी बेला हदीद की तारीफ भी की। उन्होंने अपनी बेटी की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है बेला हदीद अस्पताल में हैं और उनका इलाज चल रहा है। तस्वीरें देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनकी बेटी को इलाज के दौरान काफी दिक्कत हुई। तस्वीरें शेयर करते हुए योलांडा हदीद ने लिखा 'अपनी बेला को चुपचाप संघर्ष करते देखकर मेरे अंदर की निराशा बढ़ गई। लाइम रोग की वजह से हो रही दिक्कत को किसी को समझाना मुश्किल है। मैंने अपने लाइम इलाज के दौरान लोगों के लिए उदाहरण पेश किए।

## टॉलीवुड

### 80 के दशक के दोस्तों संग चिरंजीवी ने तस्वीरें कीं साझा, कहा-हर मुलाकात पहली जितनी



मेगास्टार चिरंजीवी ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने 80 के दशक के दोस्तों संग कई शानदार तस्वीरें साझा कीं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी दोस्ती के ऊपर एक खास नोट भी लिखा। साउथ एक्टर चिरंजीवी ने हाल ही में अपना 47वां जन्मदिन मनाया। वहीं चिरंजीवी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पुराने दोस्तों संग हुई मुलाकात की कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। जिसमें बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ भी नजर आए।

चिरंजीवी ने 5 अक्तूबर को अपने इंस्टाग्राम पर अपने 80 के दशक के दोस्तों संग मुलाकात की कई लाजवाब तस्वीरें शेयर की। चिरंजीवी की इस पोस्ट में जैकी श्रॉफ से लेकर कई स्टार्स नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ चिरंजीवी ने कैप्शन में लिखा, '80 के दशक के मेरे प्यारे दोस्तों के साथ हर मुलाकात यादों की गलियों में सैर जैसा है। जो हंसी, गर्मजोशी और उसी अटूट बंधन से भरा है। जो हमने दशकों से साझा किया है। इतनी सारी खूबसूरत यादें और फिर भी हर मुलाकात पहली मुलाकात जितनी ही ताजा लगती है।'

चिरंजीवी 'विश्वम्भरा', 'मेगा 157' और 'मेगा 158' सहित कई प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाले हैं। फिल्म 'विश्वम्भरा' का निर्देशन बिम्बिसार फेम वशिष्ठ मल्लीदी कर रहे हैं। इस फिल्म में चिरंजीवी के साथ तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म 'विश्वम्भरा' 2026 की गर्मियों में दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'विश्वम्भरा' में बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में चिरंजीवी और तृषा कृष्णन के अलावा आशिका रंगनाथ भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। यूवी क्रिएशंस ने इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहा है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी ने इस फिल्म का संगीत दिया है।

## भोजपुरी

### दूल्हा-दुल्हन बन गए निरहुआ-आम्रपाली तो सितारों ने भी दिया आशीर्वाद



भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर जोड़ी आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें आम्रपाली दुल्हन और दिनेश लाल दुल्हा के गेटअप में नजर आ रहे हैं।

भोजपुरी सिनेमा में एक जोड़ी सबसे ज्यादा पॉपुलर है, जिनका नाम आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ है। आमतौर पर आम्रपाली का नाम निरहुआ के साथ ही लिया जाता है और इनकी जोड़ी को लोग पसंद भी करते हैं। बहुत से लोग तो इन्हें हसबैंड-वाइफ भी समझते हैं, जबकि असल में ऐसा कुछ नहीं है। वैसे एक तस्वीर आम्रपाली और निरहुआ की वायरल हो रही है जिसमें उन्होंने दूल्हा-दुल्हन का गेटअप लिया है और तस्वीर में लोग उन्हें आशीर्वाद भी दे रहे हैं। कोरियोग्राफर प्रसून यादव ने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'सौभाग्यवती एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स खास गाना मेरी फेवरेट जोड़ी दिनेश लाल और आम्रपाली दुबे के साथ। शूट हो गया है जल्द ही गाना आएगा।' इस तस्वीर में ही निरहुआ और आम्रपाली दूल्हा-दुल्हन के गेटअप में दिख रहे हैं।

लाइफ स्टाइल

सुनहरा जाल



"एक नाटकीय आउटफिट टॉपर्स के तौर पर कॉर्नुकोपिया खिलती पंखुड़ियों के साथ न्यूयार्क फैशन शो में सामने आया। मॉडल रेड कार्पेट पर चलते हुए जाल में फंसी किसी सुनहरी मछली सा व्यवहार कर रही थी। हालांकि इस नई डिजाइन को लोगों ने खूब पसंद किया। इसे नया विचार माना गया।

# काले हो रहे अपने पैरों को ऐसे करें साफ

अक्सर महिलाएं अपने पैरों की सफाई पर खास ध्यान नहीं देती है इसके कारण पैरों का रंग काला पड़ जाता है उसके कारण यह देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगते हैं विटामिन सी से भरपूर फूड्स का इस्तेमाल स्किन व्हाइटनिंग के लिए किया जा सकता है। इन फूड में सिट्रिक एसिड पाया जाता है। यह नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करता है। अगर आपके पैरों का रंग काला पड़ गया है, तो आप इस समस्या से निजात पाने के लिए संतरे के रस का उपयोग कर सकती हैं। इस जूस से पैरों को साफ-सबसे पहले संतरे का रस निकाल लें। अब रूई की मदद से रस को पूरे पैरों पर लगाएं।करीब आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि हफ्ते में केवल एक बार पैरों पर इस रस का इस्तेमाल करें। आप चाहें, तो ऑरेंज पील पाउडर में प्लेन योगर्ट मिलाकर भी पैरों पर लगा सकती हैं। जब यह पेस्ट सूख जाए, तब करीब 10 मिनट बाद अपने पैरों को अच्छे से साफ कर लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से आपके पैरों का रंग साफ होने लगेगा। पेडीक्योर ट्रीटमेंट के लिए पार्लर जाना जरूरी नहीं है, क्योंकि किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से आप घर बैठे आसानी से पैरों को साफ कर सकती हैं। इसके लिए दूध, नीम और एलोवेरा जेल जैसी नेचुरल चीजें फायदेमंद होती हैं। फुट सोक करना भी जरूरी है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर पैरों को साफ कर सकती हैं। हफ्ते में एक बार फुट सोक करें। इससे डेड स्किन रिमूव हो जाती है और पैरों को आराम भी मिलता है। नहाते वक्त केवल चेहरे पर ही नहीं बल्कि पैरों को भी अच्छे से साफ करना चाहिए।



# साड़ियों के ट्रेंडी डिजाइन को करें वार्डरोब में शामिल



साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ ट्रेंड नहीं होता है और इसके डिजाइन भी आपको कई तरीके में देखने को आसानी से मिल जाएंगे। वहीं बदलते दौर में आजकल साड़ी को ड्रेप करने के भी कई नए तरीके आ गए हैं, लेकिन एक उम्र के बाद हम साड़ी को पहनने के लिए 2 से 3 तरह के स्टाइल ही फॉलो करना पसंद करते हैं।



वहीं आगे नवरात्रि, दशहरा और दीवाली के बाद करवाचौथ का त्यौहार आने वाला है और इस दिन अक्सर हम साड़ी को ही पहनना पसंद करते हैं। ऐसे फेस्टिवल सीजन में साड़ी के कुछ खास डिजाइंस जो खासकर 50 वर्षीय उम्र वालों के लिए बेहद खास है। बता दें कि इन साड़ी लुक को स्टाइल करने के बाद आप 50 की जगह 30 साल की नजर आएंगी।

### पटोला साड़ी डिजाइन

इस तरीके की साड़ी बिल्कुल भी वजनदार नहीं होती है। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर डी संस द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरीके की साड़ी के साथ आप गोल्डन कलर या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### क्रेप सिल्क साड़ी डिजाइन

सिल्क साड़ी में आपको कई वैरायटी की अलग-अलग साड़ियां आसानी से मिल जाएगी। बगता दें कि इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर गीतिका कनुमिल्ली द्वारा डिजाइन किया गया है इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक के साथ आप मेसी हेयर बन बनाकर उसे ताजे गुलान की मदद से अपने बालों को आकर्षक बना सकती हैं।


### बॉर्डर वर्क साड़ी डिजाइन

हरा रंग करवाचौथ के लिए बेहद खास होता है। वहीं इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर अनीता डोंगरे द्वारा डिजाइन किया गया है।

# बार-बार फैल जाती है लिपस्टिक तो ऐसे करें ठीक, बढ़ेगी रौनक

मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं, लेकिन आज भी हम में से ज्यादातर केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। वहीं लिपस्टिक भी कई तरीके के टेक्सचर में आपको मिल जाएंगी और इन्हें लगाने का तरीका भी एक दूसरे से बिल्कुल अलग हो सकता है।

मेकअप लुक कम्प्लीट होने के बाद अगर आपके होंठों पर लगी हुई लिपस्टिक फैल जाती है तो आप पतले लिप ब्रश की सहायता से मैचिंग कंसीलर को लेकर इसे ठीक कर सकती हैं। ध्यान रहे कि आप कंसीलर का कलर अपनी स्किन टोन के हिसाब से चुनें और इसके लिए किसी लाइट वेट कंसीलर का ही इस्तेमाल करें। इसके बाद आप लिक्विड कंसीलर को ट्रांस्लुसेंट पाउडर की मदद से सेट कर दें ताकि आपका लुक पूरी तरह से ट्रांसफर प्रूफ हो जाए। कोशिश करें कि आप कंसीलर की सहायता कम से कम ही लें ताकि चेहरे पर प्रोडक्ट्स की लेयर्स कम से कम ही रहे। लिपस्टिक लगाते समय आप होंठों को आकर्षक लुक देने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। परफेक्ट लुक पाने के लिए



लिपस्टिक का शेड अपनी स्किन टोन और आउटफिट के कलर कंट्रास्ट के हिसाब से ही चुनें। वहीं अगर आपका आई मेकअप बोल्ड है तो लिप शेड के लिए न्यूड या लाइट कलर का चुनाव करें।होंठों को बड़ा दिखाने के चक्कर में लिप शेप के बाहर आप लिप लाइनर का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें।अगर आप मेकअप बिगिनर हैं तो लिप ब्रश की सहायता लेकर ही लिपस्टिक को होंठों पर लगायें।

# ऑफिस पार्टी में खूबसूरत दिखने ऐसे संवारें आंखों को

ऑफिस में अलग-अलग मौके पर होने वाली पार्टी का इंतजार हर स्टाफ करता है। किसी को पार्टी में गेम, डांस करना पसंद होता है तो किसी को पसंद होता है स्टाइल दिखाना। आजकल हर कोई ट्राई करना है नए फैशन ट्रेंड के हिसाब से तैयार होना। इसके लिए कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जो अपने आउटफिट के साथ-साथ मेकअप पर भी खास ध्यान देती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे उनका लुक परफेक्ट लगता है साथ ही वो सबसे ज्यादा खूबसूरत नजर आती हैं। ऐसे में आप इस बार दिवाली पार्टी पर इन टिप्स की मदद से ट्राई करें ये आई मेकअप। इसे क्रिएट करने के बाद आपका लुक पूरी तरीके से बदल जाएगा।

### आंखों पर लगाएं प्राइमर

आंखों पर मेकअप करने से पहले आपको प्राइमर का इस्तेमाल करना है। इसके लिए प्राइमर को आई लीड पर लगाएं फिर ब्लेंडर की मदद से अच्छे से ब्लेंड करें। इसे इसलिए लगाना जरूरी है ताकि आंखों का मेकअप लंबे समय तक टीका रहे। इसके लिए आप उसी शेड का प्राइमर इस्तेमाल करें। जिसे फेस पर अप्लाई करती हैं।

### ड्रेस के हिसाब से चूज करें आईशैडो

आप जिस तरीके की ड्रेस वियर कर रही हैं उसके हिसाब



से अपने आईशैडो का कलर चूज करें। कोशिश करें की लुक (पार्टी मेकअप टिप्स) को सिंपल रखें। ऑफिस में न्यूट्रल कलर आई मेकअप ज्यादा अच्छा लगता है। इसके लिए आप वॉर्म कॉपर, सॉफ्ट ब्राउन वैगरह कलर को चूज कर सकती हैं। ये काफी अच्छे लगते हैं। इसके बाद इन्हें अच्छे से ब्लेंड करें।

### आंखों पर लगाए लाइनर

इसके बाद आपको आंखों पर आई लाइनर लगाना है। इसके लिए आप पेंसिल, जेल या फिर लिक्विड किसी भी तरह के आई लाइनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। विंग आई लाइनर के लिए पहले आपको आंखों के साइड में विंग्स क्रिएट करनी है फिर अंदर की तरफ पतली लाइन क्रिएट करनी है। इस तरीके से आपका लाइनर लग जाएगा।

कार्नर न्यूज

बियर्ड रखने का शौक है तो सही केयर भी करें

# लंबी और स्टाइलिश बियर्ड आज मेंस फैशन की पहचान, सही तरीका भी जान लीजिए

लंबी और स्टाइलिश बियर्ड रखने वाले लोगों के लिए फैशन है। लेकिन ये उन लोगों के लिए समस्या है, जिन्हें बियर्ड नहीं आती है। लेकिन कोई भी ये उम्मीद नहीं कर सकता है कि रातों-रात उसकी दाढ़ी घनी और हेल्दी हो जाएगी। बियर्ड को सही केयर और नियमित पोषण की जरूरत पड़ती है। इस काम को पूरा करने और फेशियल हेयर को पोषण देने के लिए ही बियर्ड ऑयल का इजाद किया गया था। ऐसी कई रिसर्च मौजूद हैं, जिनमें ये बात साबित हुई है कि, बियर्ड ऑयल, फेशियल हेयर ग्रोथ को बढ़ाने में मदद करते हैं।सही तरीके से इस्तेमाल करने पर आप भी फायदे उठा सकते हैं और शानदार बियर्ड के मालिक बन सकते हैं।

### क्या बियर्डमैन बनना मुश्किल है?

बियर्ड केयर में लगने वाला समय, ग्रूमिंग टेक्निक और धैर्य, ये तीनों ही चीजें हर किसी के पास मिलना बहुत मुश्किल है। लेकिन अगर ये किसी इंसान के पास हैं तो, वो आराम से बियर्ड मैन बन सकता है।



### बियर्ड ऑयल क्या है?

बियर्ड की हेल्दी ग्रोथ के लिए बियर्ड को नम और मुलायम बनाए रखना बहुत जरूरी है। इस काम के लिए ही लोग बियर्ड ऑयल का प्रयोग करते हैं। बियर्ड ऑयल एक कंडीशनिंग प्रोडक्ट है, जिसका प्रयोग लोग दाढ़ी की ग्रूमिंग में करते हैं। बियर्ड ऑयल, बढ़ रहे बालों को मुलायम बनाता है। ये स्किन को मुलायम बनाता है जिसकी वजह से बियर्ड की ग्रोथ अच्छी होती है। इस तरह की बियर्ड को ही साफ-सुथरी और वेल ग्रूम्ड बियर्ड माना जाता है।

### बियर्ड ऑयल का इस्तेमाल कैसे करें?

जब आप किसी प्रोफेशनल की तरह बियर्ड को बढ़ाना चाहें तो, कोई भी बियर्ड ऑयल यूं ही खरीद लेने से कोई चमत्कार नहीं होने वाला है। कम समय में बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए आपको उसे सही ढंग से लगाना होगा।

अब मैं इससे जुड़े कुछ टिप्स आपको दे रहा हूं, जिनका इस्तेमाल भविष्य में बियर्ड ग्रोथ ऑयल लगाते समय कर सकते हैं। बियर्ड ऑयल लगाने से पहले चेहरे को हमेशा अच्छी तरह से धोएं। खासतौर पर तब जब आपने बियर्ड बढ़ाना शुरू ही किया हो। इसे स्किन के रोमछिद्र खुल जाते हैं और स्किन तेल को अच्छी तरह से सोख पाती है। चेहरे के बियर्ड वाले हिस्से पर तेल नियमित रूप से लगाएं। इसे स्किन के अन्य हिस्सों पर लगाने से बचें। अब इसमें लगातार चेहरे पर लगाने से क्या फायदे होते हैं, ये बात सभी जानते हैं, लेकिन बात वही है कि असल फायदे उसे ही मिल पाते हैं जो नियमित रूप से इसे लगाता रहता है।

